**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 109 लखनऊ, बुधवार 04 दिसंबर 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## योगी सरकार ने 13 आईपीएस अधिकारियों की बदली जिम्मेदारी

***मालूम हो कि तेजतर्रार आईपीएस अमित पाठक को लोक शिकायत से देवीपाटन परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया गया है। वहीं लखनऊके ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर अपराध आकाश कुलहरी को हटाकर लोक शिकायत भेज दिया गया है।***



लखनऊ02 दिसम्बर (एजेंसी) योगी सरकार ने देर रात 13 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें कुछ अधिकारियों को महत्वपूर्ण पद दिए गए हैं। इसमें से कई बीते समय से साइड लाइन बताए जा रहे थे। आईपीएस अमित पाठक को देवीपाटन परिक्षेत्र की डीआईजी बनाया गया है। वह अमरेंद्र कुमार की जगह लेंगे। माना जा रहा है कि बहराइच हिंसा के बाद ऐसा किया गया। इसके अलावा लखनऊ के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आकाश कुलहरी को हटाकर लोक शिकायत भेजा गया है। संजय सिंघल के केंद्र प्रतिनियुक्त पर जाने के बाद स्थापना की जिम्मेदारी गृह सचिव संजीव गुप्ता को दी गई है।मालूम हो कि तेजतर्रार आईपीएस अमित पाठक को लोक शिकायत से देवीपाटन परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया गया है। वहीं लखनऊ के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर अपराध आकाश कुलहरी को हटाकर लोक शिकायत भेज दिया गया है। सरकार ने यूपी पुलिस विभाग में अहम पदों में से एक स्थापना की जिम्मेदारी गृह सचिव संजीव गुप्ता को दी है. इससे पहले इस पद पर संजय सिंह तैनात थे, लेकिन उनके केंद्रीय प्रतिनियुक्त पर जाने के बाद यह पद खाली था। जेएसओ एन रविन्द्र को एडीजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन बनाया गया है।आईजी मेरठ निचिकेता झा को गृह सचिव बनाया गया है। आईजी बस्ती आरके भारद्वाज को आईजी भवन कल्याण, डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमरेंद्र प्रसाद सिंह को डीआईजी अभिसूचना मुख्यालय, दिनेश कुमार पी को नोएडा पुलिस कमिशनरेट से डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र, बबलू कुमार को नोएडा पुलिस कमिशनरेट से जॉइंट पुलिस कमिश्नर क्राइम लखनऊ, आगरा पुलिस कमिश्नरेट से केशव कुमार चौधरी को झांसी परिक्षेत्र का क्ळ बनाया गया है।डीआईजी अभिसूचना मुख्यालय संजीव त्यागी को अपर पुलिस आयुक्त आगरा, डीआईजी झांसी परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी को मेरठ परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया गया है। वहीं अजय कुमार को 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ से प्रभारी अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय नोयडा बनाया गया है।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी कर सकता है शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन :सुप्रीम कोर्ट



नयी दिल्ली,02 दिसम्बर (एजेंसी) उच्चतम न्यायालय ने किसानों के आंदोलन पर को सोमवार को कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकता है।न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि वह प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्गों को बाधित करने से रोकने और लोगों को असुविधा पहुंचाने से बचाने के लिए उन्हें (दल्लेवाल) राजी करें।शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दे पर गौर किया है और इस पर लंबित मामले के साथ विचार किया जा रहा है।

पंजाब–हरियाणा सीमा पर खनौरी विरोध स्थल से कथित तौर पर हटाए गए दल्लेवाल की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निपटारा करते हुए पीठ ने 26 नवंबर को कहा था, "हमने देखा है कि उन्हें रिहा कर दिया गया है और उन्होंने शनिवार को एक साथी प्रदर्शनकारी को अपना आमरण अनशन समाप्त करने के लिए राजी भी किया।"उनके आमरण अनशन शुरू करने से ठीक पहले 26 नवंबर को दल्लेवाल को कथित तौर पर खनौरी सीमा से जबरन हटाकर लुधियाना के एक अस्पताल में ले जाया गया था, जहां शुक्रवार शाम को उन्हें छुट्टी दे दी गई।पंजाब पुलिस द्वारा उनकी कथित अवैध हिरासत के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की गई थी। दल्लेवाल रिहा होने के बाद खनौरी सीमा पर आमरण अनशन में शामिल हो गए।गौरतलब है कि सुरक्षा बलों द्वारा रोके जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा मुख्य स्थल पर पर डेरा डाले हुए हैं। ये किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी के अलावा किसानों ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और 2020–21 में पिछले आंदोलन के दौरान मरने वाले किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।उच्चतम न्यायालय ने 2 सितंबर को धरने पर बैठे किसानों से बातचीत करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। समिति के अन्य सदस्यों में हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक पी एस संधू, कृषि विशेषज्ञ प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्री डॉ सुखपाल सिंह शामिल हैं। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी आर कंभोज को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

## बाथरूम और जूठे बर्तन साफ करेंगे सुखबीर, पूर्व सीएम बादल से फक्र ए कौम का सम्मान वापस

नई दिल्ली 02 दिसम्बर (एजेंसी)सिख समुदाय की सर्वोच्च लौकिक संस्था श्री अकाल तख्त साहिब ने शिरोमणि अकाली दल सरकार के दौरान डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को दी गई विवादास्पद माफी पर अपना फैसला सुनाया है। सजा में सुखबीर सिंह बादल, कोर कमेटी के सदस्यों और 2015 की अकाली दल सरकार के कैबिनेट नेताओं के लिए प्रतीकात्मक पश्चाताप शामिल है। सुखबीर बादल मामले को लेकर अकाल तख्त में पांच सिंह साहिबानों की बैठक हुई। इसी बैठक के बाद सजा का ऐलान किया गया है। श्री अकाल तख्त साहिब ने सुखबीर बादल और 2015 की अकाली सरकार के अन्य कैबिनेट सदस्यों को स्वर्ण मंदिर में शौचालय साफ करने, बर्तन साफ घ्छकरने समेत अन्य ध ार्मिक दंड दिया है। 30 अगस्त को, शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा श्तनखैयाश घोषित किया गया था, जब निकाय ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पंजाब सरकार के उप मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष के रूप में सुखबीर सिंह बादल ने कुछ ऐसे फैसले जिनसे श्पंथक स्वरूपश की छवि को नुकसान पहुंचा।

## लखनऊमें धरने पर बैठे कांग्रेस नेता अजय राय, पुलिस के साथ धक्कामुक्की

**संभल जाने के लिए निकलने से पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी कार्यालय पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वह संभल जाने के लिए निकले। पुलिस ने उन्हें गेट पर ही रोक लिया। बता दें संभल प्रशासन ने दस दिसंबर तक किसी के भी जिले में आने पर रोक लगा रखी है।**



लखनऊ02 दिसम्बर (एजेंसी) संभल जाने से रोके जाने पर नाराज उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय लखनऊ में धरने पर बैठ गए है। पुलिस व पीएसी के जवान उन्हें जबरन उठाने की कोशिश कर रहे हैं तो कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए हंगामा कर रहे हैं। अजय राय संभल जाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके साथ दर्जनों कांग्रेस नेता वहां जाने के लिए पहुंचे हैं। पुलिस ने उन्हें पार्टी कार्यालय के गेट पर ही रोक लिया। कार्यकर्ता पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा कर रहे हैं। पुलिस के अलावा दो गाड़ी पीएसी भी बुलाई गई है।संभल जाने के लिए निकलने से पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी कार्यालय पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वह संभल जाने के लिए निकले। पुलिस ने उन्हें गेट पर ही रोक लिया। बता दें संभल प्रशासन ने दस दिसंबर तक किसी के भी जिले में आने पर रोक लगा रखी है। बीते दिनों सपा विधानमंडल दल के नेता और प्रदेश अध्यक्ष सहित सपा की विधायक इकरा हसन सहित कुछ और सांसदों को भी वहां नहीं जाने दिया गया था। इसी बीच सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव ने कहा कि संभल की घटना सरकार द्वारा कराई गई सुनियोजित घटना है। सपा को सरकार द्वारा गठित की गई न्यायिक टीम पर भरोसा नहीं है। वर्तमान सीनियर न्यायाधीशों की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार मुस्लिम समाज के लोगों का मनोबल गिराने का काम कर रही है। भाजपा सरकार में बैठे लोग सुबह से शाम तक केवल झूठ बोलने का कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार प्रदेश में विकास कराने में नाकाम साबित हो रही है। सरकार प्रदेश में केवल और केवल दंगे कराने का काम कर रही है। जबकि सरकार में बेईमानी व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इस पर कोई बोलने वाला नहीं है। प्रदेश में भाजपा का पुरजोर विरोध केवल सपा कर रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगी बिजली है। जितनी बिजली देने का वादा किया था, वो प्रदेश में किसी को नहीं मिल रही है। ऊपर से जनता से अधिक वसूली और की जा रही है। इतना ही नहीं प्रदेश में किसानों को खाद नहीं दे पा रही है। कई जिलों में तो सरकार के इशारे पर खाद की मांग कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज तक भी कराया गया था। गन्ने का दाम जस का तस है, गन्ने पर कोई रुपया बढ़ाया नहीं गया है। सरकार से प्रदेश की जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है।

## इंतजार खत्म!महाराष्ट्र के लिए बीजेपी ने तय किए आब्जर्वर, इन नेताओं को दी बड़ी जिम्मेदारी

***यह घटनाक्रम कल्याण से शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बनने की अफवाहों का खंडन करने और यह कहने के कुछ घंटों बाद आया है कि वह राज्य में किसी भी मंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं।***



मुम्बई 02 दिसम्बर (एजेंसी)महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के कुछ दिनों बाद भी सीएम पद को लेकर जारी खींचतान के बीच सोमवार को निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी को बीजेपी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। यह घटनाक्रम कल्याण से शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बनने की अफवाहों का खंडन करने और यह कहने के कुछ घंटों बाद आया है कि वह राज्य में किसी भी मंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं।महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर हो रही देरी के बीच एकनाथ शिदने अपनी पार्टी के लिए गृह मंत्रालय की मांग पर अड़े हुए हैं। इस बीच, स्थानीय भाजपा नेता उनसे मिलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सूत्रों के मुताबिक वह उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय भाजपा नेताओं को बैठक के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। गौरतलब है कि बीमार पड़ने के बाद शिंदे सतारा स्थित अपने गांव से ठाणे लौट आए हैं। वापसी के एक दिन से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद उन्होंने बीजेपी नेताओं से संपर्क नहीं किया है। भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार रात को बताया कि महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो गया है, जिन्हें दो या तीन दिसंबर को होने वाली बैठक में विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इससे पहले, निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह नये मुख्यमंत्री के चयन के भाजपा के फैसले का समर्थन करेंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के तौर पर देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो गया है। भाजपा के नए विध ायक दल की बैठक दो या तीन दिसंबर को होगी।

## बीजेपी की वजह से दिल्ली में जंगलराज, खुलेआम घूम रहे गुडे और अपराधी, केजरीवाल का केंद्र पर आरोप

**आप नेता ने बताया किजब मैं पीड़ित परिवार से मिलने गया तो स्थानीय लोगों ने बताया कि नारायणा इलाके में 5-7 युवक हैं, जिन्होंने वहां उत्पात मचा रखा है, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर रही।**



नई दिल्ली 02 दिसम्बर (एजेंसी)आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पार्टी सांसद संजय सिंह, दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज और विधायक दुर्गेश पाठक के साथ, उस व्यक्ति के परिवार से मिले, जिसकी कल 1 दिसंबर को नारायणा इलाके में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मुलाकात के बाद केजरीवाल ने कहा कि दुख की बात ये है कि 6 महीने पहले पीड़िता के छोटे भाई की हत्या कर दी गई थी। उस वक्त उनके परिवार ने पुलिस को लिखित में दिया था कि पूरे परिवार को इन लोगों से खतरा है और उन्हें सुरक्षा की जरूरत है। आप नेता ने बताया किजब मैं पीड़ित परिवार से मिलने गया तो स्थानीय लोगों ने बताया कि नारायणा इलाके में 5–7 युवक हैं, जिन्होंने वहां उत्पात मचा रखा है, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि जब पीड़ित के भाई की हत्या हुई तो पुलिस ने कार्रवाई क्यों नहीं की? कल जब परिवार के सदस्यों ने विरोध किया तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। यह कैसी कानून व्यवस्था है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा ने दिल्ली को गुंडों, बदमाशों और बलात्कारियों के हाथों में दे दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा किआज पूरी दिल्ली में दहशत है लेकिन अमित शाह और उनकी दिल्ली पुलिस कोई एक्शन नहीं ले रहे। बीजेपी की वजह से दिल्ली में जंगलराज है और गुंडे व अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं।इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में कानून–व्यवस्था के मुद्दों पर कथित निष्क्रियता के लिए भाजपा नीत केंद्र सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए दावा किया कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय 30 नवंबर को मालवीय नगर मेंउनकी पदयात्रा के दौरान उन पर हमला कराया गया। भाजपा नेअब तक आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझ पर फेंका गया तरल पदार्थ नुकसादायक नहीं था, लेकिन यह खतरनाक हो सकता था। पिछले 35 दिन में मुझ पर हुआ यह तीसरा हमला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर यह संदेश देने का भी आरोप लगाया कि अपराधियों के बजाय शिकायतकर्ताओं को ही गिरफ्तारी का सामना करना पड़ेगा।

## देवेंद्र फडणवीस होंगे महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री! 4 दिसंबर को होगी घोषणा,

नई दिल्ली 02 दिसम्बर (एजेंसी)वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी के हवाले से बताया कि महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की पूर्व संध्या पर, बुधवार 4 दिसंबर को की जाएगी। पदाधिकारी ने कहा कि यह फैसला भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के बाद आएगा। भगवा पार्टी ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी को महाराष्ट्र विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में नामित किया, जहां विधायक अपने नेता का चुनाव करेंगे।

गुजरात के पूर्व सीएम और महाराष्ट्र के लिए बीजेपी के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय रूपाणी ने कहा कि पार्टी ने हम दोनों को महाराष्ट्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

## ओडिशा में 2014 से मुठभेड़ों में 123 नक्सली मारे गए जबकि 11 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए :मोहन चरन मांझी

भुवनेश्वर 02 दिसम्बर (एजेंसी) ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य विधानसभा को बताया कि 2014 से राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई मुठभेड़ों में 123 नक्सली मारे गए जबकि 11 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। भारतीय जनता पार्टी के विध ायक प्रशांत कुमार जगदेव के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि एक जनवरी 2014 से 15 नवंबर 2024 तक राज्य में 219 मुठभेड़ हुईं। उन्होंने कहा कि इन मुठभेड़ों में 123 नक्सली मारे गए और 11 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। बयान के अनुसार, वर्ष 2016 में पुलिस मुठभेड़ों में सबसे अध िक 36 नक्सली मारे गए, जबकि 2018 में 19, 2020 में 16 और 2023 में तीन नक्सली मारे गए।उन्होंने कहा कि 2017, 2021 और 2022 में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में सात–सात नक्सली मारे गए, जबकि 2014, 2015 और 2019 में हुई मुठभेड़ों में क्रमशरू छह, नौ और आठ नक्सली मारे गए। माझी ने कहा कि चालू वर्ष (15 नवंबर तक) के दौरान राज्य में सुरक्षा बलों ने पांच नक्सलियों को ढेर कर दिया।

उन्होंने कहा कि इस अवधि में गोलीबारी के दौरान शहीद हुए 11 सुरक्षाकर्मियों में से वर्ष 2015 और 2022 में तीन–तीन जबकि 2020 में दो सुरक्षाकर्मियों की जान गयी जबकि वर्ष 2016, 2017 और 2019 में एक–एक सुरक्षाकर्मी शहीद हुये।माझी ने कहा कि शेष वर्षों– 2014, 2018, 2021, 2023 और 2024 (15 नवंबर तक) में किसी सुरक्षाकर्मी के शहीद होने की सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री ने अपने जवाब में यह भी कहा कि 11 वर्षों के दौरान राज्य में336 नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट आए।

## यूनेस्को ने पश्चिम बंगाल को धरोहर पर्यटन का सबसे बेहतर गंतव्य घोषित किया:ममता

**मुख्यमंती ममता बनर्जी ने कहा कि यूनेस्को ने राज्य को धरोहर पर्यटन का सबसे बेहतर गंतव्य घोषित किया है, और इस बात पर बल दिया कि इस क्षेत्र ने लाखों युवाओं के लिए रोजगार का सृजन किया है। ममता ने विध ानसभा में कहा कि राज्य ने धार्मिक, धरोहर और चाय बागान के पर्यटन में "उल्लेखनीय प्रगति" की है।**



कोलकाता 02 दिसम्बर (एजेंसी) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यूनेस्को ने राज्य को धरोहर पर्यटन का सबसे बेहतर गंतव्य घोषित किया है, और इस बात पर बल दिया कि इस क्षेत्र ने लाखों युवाओं के लिए रोजगार का सृजन किया है। ममता ने विधानसभा में कहा कि राज्य ने धार्मिक, धरोहर और चाय बागान के पर्यटन में "उल्लेखनीय प्रगति" की है। उन्होंने कहा, "यूनेस्को ने बंगाल को धरोहर पर्यटन का सबसे बेहतर गंतव्य घोषित किया है। हमने धरोहर स्थलों को विकसित करने के लिए कई बड़ी पहल की हैं।हम दक्षिणेश्वर मंदिर और कालीघाट मंदिर जैसे कुछ प्रतिष्ठित उपासना स्थलों को विकसित करके धार्मिक पर्यटन पर भी जोर दे रहे हैं।" मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दीघा में निर्माणाध ीन जगन्नाथ मंदिर जल्द ही श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा, "पर्यटन क्षेत्र ने लाखों युवाओं के लिए रोजगार का सृजन किए हैं।" ममता ने कहा कि गंगा सागर द्वीप में मुरीगंगा नदी पर एक पुल के निर्माण के लिए निविदा जारी की गई है और वहां आयोजित होने वाला वार्षिक गंगासागर मेला देश के शीर्ष तीर्थ स्थलों में से एक होगा।

# कांग्रेसी नेताओं को संभल आने से रोकना अलोकतांत्रिक कृत्य : तौकीर अहमद



लखनऊ,संवाददाता। कांग्रेस ने हिंसा ग्रस्त संभल जाने वाले कांग्रेसी नेताओं को पुलिस द्वारा रोके जाने को सोमवार को अलोकतांत्रिक कृत्य करार दिया। संभल में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष तौकीर अहमद ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, "आज, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को संभल आना था, लेकिन पुलिस हर किसी को संभल आने से रोक रही है। उन्होंने कहा, "इससे पूर्व जिला प्रशासन ने 30 नवंबर तक संभल आने पर रोक लगा रखी थी और इससे पहले ही हमने घोषणा की थी कि हमारा प्रतिनिधिमडंल 2 दिसंबर को संभल आएगा। लेकिन अब पुलिस प्रशासन हर किसी को संभल आने से रोक रहा है जोकि लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और संभल जिला प्रशासन हिंसा को रोकने में पूरी तरह से विफल रहा। इस बीच, लखनऊ के मॉल एवेन्यू इलाके में प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर भारी पुलिस तैनात कर अवरोधक लगाए गए हैं। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और पार्टी के अन्य नेताओं को संभल के लिए निकलने का प्रयास करते हुए देखा गया। विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्र ने लखनऊ में विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से कहा, "संभल की घटना कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि एक बड़ी घटना है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल तथ्यों का पता लगाने के लिए वहां जाना चाहता था। लेकिन कल रात से मुझे नजरबंद कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख राय सहित हमारी पार्टी के नेताओं को संभल जाने से रोका जा रहा है। आराधना मिश्रा ने कहा, "यह सरकार की तरफ से पूर्ण अराजकता है। सरकार धारा 163 लगाकर अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है और हमें लखनऊ से वहां नहीं जाने दे रही है। उन्होंने कहा कि धारा 163 संभल में लागू है ना कि लखनऊ में।" पार्टी प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि अवरोधक कल रात से ही लगाए गए हैं। अजय राय ने कहा, "हमने दो दिसंबर को संभल जाने का निर्णय किया था। जनप्रतिनिधियों के संभल में प्रवेश पर रोक 30 नवंबर तक हटाई जानी थी। अब उन्होंने अचानक यह रोक 10 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी है। सरकार स्पष्ट रूप से अपनी खामियां छिपाना चाहती है।" पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में रात बिताने वाले राय ने कहा, "यदि हमें रोका गया तो हम गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे क्योंकि हम महात्मा गांधी के अनुयायी हैं। संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत कई सपा सांसदों और विधायकों को शनिवार (30 नवंबर) को हिंसा ग्रस्त संभल जाने से रोक दिया गया था। जिला प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक 10 दिसंबर तक बढ़ा दी। अदालत के आदेश पर संभल स्थित शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान 24 नवंबर को शहर में हिंसा भड़क गई थी जिसमें चार लोगों की मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह सर्वेक्षण उस याचिका से जुड़ा है जिसमें दावा किया गया है कि इस मस्जिद के स्थान पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।

## सुपरटेक इको विलेज 1 में निवासियों और आई आर पी बिल्डर , फैसिलिटी एजेंसी के बीच संघर्ष जारी

ग्रेटर नोएडा। सुपरटेक इको विलेज 1 में पिछले तीन महीनों के दौरान आई आर पी बिल्डर,फैसिलिटी एजेंसी के साथ निवासियों की रस्साकसी चरम पर चल रही है। इसी क्रम में निवासियों द्वारा अवैध वसूली और एजेंसी के मनमाने रवैए पर हल्ला बोल,पुरानी फैसिलिटी एजेंसी का मजबूरी में जाना और नई एजेंसी का यहां 21 नवंबर,2024 से कार्यभार ग्रहण करने से लेकर अब यहां टावर प्रतिनिधि का व्यापक चुनाव की गहमा गहमी और मेंटेनेंस एजेंसी के साथ लंबित कार्य के निदान की जद्दोजहद चल रही है।



सोसाइटी में अभी 6500 परिवार करीब अलग अलग 50 टावरों में रहती है और इन सभी टावरों के 2 प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया अभी पूरी सोसाइटी में चल रही थी जिसके परिणाम की घोषणा 01 दिसंबर,2024 को क्लब हाउस में उपस्थित निवासियों की भारी संख्या के बीच पूर्णतरू पारदर्शी तरीके से की गई। इको विलेज 1 के ऑथराइज्ड रिप्रेजेंटेटिव महेंद्र कुमार महिंद्रा ने बताया कि हमने गुगल फॉर्म के जरिए सोसाइटी निवासियों से अपील किया कि अपने अपने टावर से प्रतिनिधि चुनें जिसका हमे भारी जन समर्थन मिला। विदित हो कि 01 नवंबर,2024 को भारी संख्या में उपस्थित सभी निवासियों ने करीब 50 टावरों के 2 प्रतिनिधि ऑथराइज्ड रिप्रेजेंटेटिव के देख रेख में गूगल फॉर्म और सहमति के आधार पर परिणाम की घोषणा की जिससे सभी टावर निवासी उत्साहित दिखे। इस दौरान उपस्थित संजय शर्मा,जीत बहादुर,सुमित सक्सेना,डीके जायसवाल,आनंदपाल,मुकेश ओझा,राज चौधरी,,शशिभूषण शाह,सतीश झा,विनीत राय एवं अन्य उपस्थित निवासियों ने बताया कि इससे हम एकजुट होकर और मजबूती से समस्याओं के निदान को बल मिलेगा और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। ए ओ ए फॉर्मेशन को यहां हर कीमत पर जल्द से जल्द बहाल किया जाएगा जिसके लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है।

## इस्कॉन द्वारा बांग्लादेश मे हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध

लखनऊ । श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी, मंदिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ द्वारा बताया गया कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हिंसावादी गतिविधियां बढ़ रही हैं, जिससे अस्थिरता का माहौल बना हुआ है सउल्लेखनीय है कि बांग्लादेश मे जो भक्त हैं वह वहीं के हैं उनका जन्म वहीं हुआ और उनका परिवार वहीं है अर्थात वहीं के हिन्दुओं को वहीं के लोगों द्वारा परेशान किया जाना अत्यधिक चिंता का विषय है सइसका विरोध करने वाले श्रीमान चिन्मय कृष्ण जी, जो इस्कॉन के अधिकारीक प्रतिनिधि नहीं है, के साथ किया गया व्यवहार हमारी चिंता का कारण है और निंदनीय है स इन्हे उचित कानूनी सहायता प्रदान करते हुए त्वरित न्याय दिलाया जाये सबांग्लादेश मे याचिका के माध्यम से इस्कॉन पर प्रतिबन्ध लगाने का विचार सामने आया है जो कदापि उचित नहीं है, क्योकि इस्कॉन कृष्ण भक्ति के साथ–2 विभिन्न धर्मार्थध्सामाजिक कार्यों को सम्पूर्ण विश्व मे संचालित करता है और बांग्लादेश में भी 50 वर्षों से इस्कॉन के सदस्य कानून का पालन करते हुए एक संवेदनशील नागरिक की भूमिका का निर्वहन कर रहे है स हमारी बांग्लादेश सरकार से अपील है कि हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने हेतु कड़ी कार्यवाही करें, जिससे उनकी जान–माल की रक्षा हो सके और वह शांतिपूर्वक जीवन यापन कर सकें सभारत सरकार को इस प्रकरण में हस्तक्षेप करते हुए बांग्लादेश मे हिन्दुओं पर हो रहे हमलों को रुकवाया जाना चाहिए ।



## पूर्व जज की बेटी को शोहदा कर रहा परेशान,शादी का बना रहा दबाव

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी लखनऊ में पूर्व सिविल जज की बेटी को फर्जी आईएएस बनकर एक युवक परेशान कर रहा है। शादी न करने पर आरोपी युवक पीड़िता को तेल डालकर जलाने और मां का सिर काट कर नदी में फेंकने की धमकी दे रहा है। यही नहीं उसको लेकर अश्लील मैसेज और एडिट फोटो रिश्तेदारों को भेज कर बदनाम कर रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इसी सदमे में पीड़िता के जज पिता की मौत तक हो गई। पीड़िता की मां ने चिनहट थाना में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी के विषय में छानबीन कर रही है। चिनहट निवासी सिविल जज की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी एलएलएम कर रही है। उसको 2020 में दीपक कुमार नाम ने बेटी से वाट्सएप पर मैसेज भेजा। उसने खुद को हरियाणा से बीटेक करने और लोक सेवा आयोग से 2023–24 में आईएएस में सिलेक्ट होने के बाद दिल्ली में ट्रैनिंग करने की बात कही। यही नहीं विश्वास दिलाने के लिए बेटी के वाट्सएप पर अपना आधार कार्ड भेजा। जिसमें उसका नाम दीपक कुमार और पता बनझुला वार्ड 5, बरमडिया ईस्ट चंपारण बिहार लिखा था। यही नहीं झूठे आईएएस ट्रेनिंग के वीडियो भी भेजता रहा। इसबीच जानकारी हुई दीपक फर्जी आईएएस है। दीपक से पूछताछ करने के साथ जांच पड़ताल की तो सामने आया कि वह दिल्ली में कंप्यूटर से जुड़ी कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता है। साथ ही मोबाइल हैक कर कई लड़कियों से इसी प्रकार कई लड़कियों से शादी का झांसा देकर ठगी कर चुका है। पीड़िता की मां का कहना है कि सूरज उनके कई रिश्तेदारों को वाट्सएप और ई–मेल भेजकर शादी का दबाव बना रहा था। साथ ही लगातार धमकी भरे फोन कर रहा है। जबकि बेटी दीपक कुमार को न ही जानती है और ना कभी शादी की बात की है। न ही दोनों के परिवार कभी मिले। इसके बाद भी वह बेटी का अपहरण कर जबरन शादी करने की धमकी देता है। अगर मुझसे शादी नहीं की तो मैं पेट्रोल तेजाब डालकर जला कर मार दूँगा और मेरा अपहरण करके सर को काट कर नदी में फेंक देने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि दीपक गलत इलेक्ट्रानिक कागज और एडिट फोटो बनाकर वायरल कर रहा है। साथ ही बेटी का मोबाइल नंबर हैक करके सभी रिश्तेदारों और उसकी सहेलियों उससे जुड़े अश्लील मैसेज और फोटो भेज रहा है। जिससे बेटी मानसिक तौर पर परेशान है। वहीं परिवार को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि पति भी बेटी की परेशानी और सूरज की हरकतों से परेशान हो गए। इसी सदमे में उनकी मौत हो गई। वह बेटी के साथ फर्जी शादी के कागज बनाकर करोड़ों की संपत्ति हड़प कर लेना चाहता है। इसके लिए वह कुछ भी करने को तैयार है। चिनहट इंस्पेक्टर भरत पाठक के मुताबिक पीड़ित परिवार की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## छह दिसम्बर को कई हिन्दूवादी संगठन मथुरा पहुचेगें देहरी पूजन कार्यक्रम में

लखनऊ। अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा आगामी छह दिसम्बर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर देहरी पूजन कर कई हिन्दूवादी संगठनों के साथ शौर्य दिवस मनायेगी। आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकार–वार्ता को सम्बोधित करते हुये बताया कि हजारों की संख्या में पहुंच रहे पार्टी कार्यकर्ता यमुना जी का जल लेकर छह दिसम्बर को श्रीकृशण जन्मभूमि की देहरी पर जल अर्पण कर पूजन करेंगे। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। देश के विभिन्न हिस्सों मथुरा के लिये कार्यकर्ताओं का पहुंचना षुरू हो चुका है और अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के पदाधिकारियां और कार्यकर्ताओं का दल लखनऊ से पांच दिसम्बर को सैकड़ों की संख्या में रवाना होगा। श्री त्रिवेदी ने बताया कि शान्तिपूर्ण ढंग से देहरी पूजन कार्यक्रम की सफलता के लिये मथुरा जिला इकाई की अध्यक्ष छाया गौतम के नेतृत्व में तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। इस मौके पर योगी सरकार भरोसा जताते हुये श्री त्रिवेदी ने कहा कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि में हो रहे देहरी पूजन कार्यक्रम को कराने में जिला प्रशासन का सहयोग रहेगा। संभल मामले में पत्रकारों के सवालों के जवाब में अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि देश में मुगल आंक्रान्ताओं ने हिन्दू धार्मिक स्थलों को तोड़कर मस्जिदों का निर्माण कराया, जिसमें संभल का हरी मन्दिर नहीं बल्कि अयोध्या का रामजन्म भूमि पर राम मन्दिर, श्री कृष्ण जन्मभूमि, काशी विश्वनाथ, भोजशाला, लखनऊ स्थित लक्ष्मण टीला सहित हजारों ऐसे कई मन्दिर शामिल है। श्री त्रिवेदी ने न्यायिक रास्ते से मन्दिरों को मुक्त कराने की लड़ाई लड़ रहे अधिवक्ता पिता–पुत्र श्री हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन के रास्ते पर चलते हुये अधिवक्ता समाज के अन्य हिन्दूवादी नेताओं को भी मुगल आंक्रान्ताओं के शिकार हुये हिन्दू धार्मिक मन्दिरों को मुक्त कराने के लिये आगे आये। श्री त्रिवेदी ने लखनऊ स्थित लक्ष्मण टीला को लेकर बताया कि पुरातत्व विभाग दो बार जिलाधिकारी को पत्र भेजकर वहां टीलेवाली मस्जिद के विकास के नाम पर तत्कालिक अखिलेश सरकार में किये गये निर्माण को अवैध बताते हुये हटाने के लिये कह चुका है, लेकिन जिला प्रशासन अभी तक इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। पत्रकार वार्ता में मौजूद पार्टी के प्रवक्ता बाबा महादेव ने सनातनियों की एकजुटता और हिन्दू राष्ट्र के लिये देश में अलख जगने लगी है, जिसको अब बुझने नहीं देना है और इसे देश को हिन्दू राष्ट्र बनाये तक जलाये रखना है। बाबा बागेष्वर धाम धीरेन्द्र शास्त्री की सनातन एकता यात्रा सहित विभिन्न साधू संतों और कथावाचकों द्वारा सनातन के प्रति हिन्दुओं में जागरूकता लाने के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की और बताया कि अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा मन्दिर–मन्दिर चलो अभियान चला रही है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न मन्दिरों में सामूहिक सुन्दरकांड और महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में पार्टी के उत्तर प्रदेश इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव लखनऊ महिला मंडल अध्यक्ष अनीता तिवारी राष्ट्रीय सलाहकार शैलेंद्र श्रीवास्तव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे जिला अध्यक्ष सीतापुर रमेश नंदपुरी सहित काफी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## व्यवस्था में बदलाव अपना दल का लक्ष्य - अनुप्रिया पटेल

ललितपुर– अपना दल एस जिला कार्यकर्ता सम्मेलन ललितपुर में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रासायन उर्वरक राज्यमंत्री एवं अपना दल सोनेलाल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि अपना दल का लक्ष्य सत्ता प्राप्ति व परिवर्तन नहीं बल्कि व्यवस्था में बदलाव का है। सोनेलाल पटेल के इस सपने को साकार करने के लिए हर बूथ व हर गांव में अपना दल का समर्पित सिपाही जरूरी है।केंद्रीय मंत्री ने अपने पिता एवं संगठन संस्थापक स्वर्गीय सोनेलाल पटेल की जनपद से जुड़ी यादों को ताजा करते हुए कहा कि उनके पिता ने सत्ता प्राप्ति और परिवर्तन को अपना और अपना दल का लक्ष्य कभी नहीं बनाया। उन्होंने हमेशा कहा कि सत्ता आती जाती रहेगी, सरकारें बदलती रहेंगी। अलग–अलग पार्टियों को मौका मिलेगा। अपना दल सत्ता परिवर्तन की नहीं, व्यवस्था परिवर्तन की बात करता है। हर बार एक अलग पार्टी की सरकार आ जाए, हर बार किसी अलग राजनीतिक दल को सत्ता मिल जाए लेकिन यदि व्यवस्थाओं में कोई बदलाव नहीं हो तो ऐसी सत्ता परिवर्तन को उनका संगठन लात मारता है। दबे कुचले वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने, उनके जीवन को बेहतर बनाने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का सत्ता उनके लिए एक माध्यम है। व्यवस्था में बदलाव लोकतंत्र के स्तंभों विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और मीडिया में दबे कुचले, पिछड़े व वंचितों की भागीदारी से होगा। यदि ऐसा नहीं होता तो सभी सत्ताएं बेकार हैं। जब तक लोकतंत्र के सभी स्तंभों में दबे कुचले, पिछड़े व वंचितों की भागीदारी सुनिश्चित नहीं होती, तब तक अपना दल संघर्ष करता रहेगा। इसके लिए सभी के साथ की जरूरत है। वह चाहती हैं कि पिछड़ा वर्ग मंत्रालय बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश के पिछड़ों, दबे कुचलों के हित में तमाम फैसले हुए हैं। नीट की परीक्षा में पीजी के लिए पिछड़ों का आरक्षण लागू नहीं था। कांग्रेस की सरकार में अनेकों बार यह विषय उठा। पिछड़ों के रहनुमा बनने वाले यूपीए सरकार में शामिल रहे सपा सहित तमाम दलों ने इस मुद्दों को नहीं उठाया। लेकिन, अपना दल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष इस विषय को रखा और प्रधानमंत्री ने कुछ ही दिनों में नीट की परीक्षा में पीजी प्रवेश के दौरान पिछड़ों के आक्षरण को लागू कर दिया। संविधान की प्रतियां लहराकर जनता को गुमराह करने वालों को हौसले पस्त पड़ चुके हैं। आप लोग अपना दल को और मजबूत बनाइए। कार्यक्रम में राजकुमार पाल – प्रदेश अध्यक्ष ( पूर्व विधायक ), मनोहर पटेल – जिला अध्यक्ष ललितपुर , आर बी सिंह – राष्ट्रीय महासचिव , नागेंद्र पटेल – पूर्व सांसद – राष्ट्रीय महासचिव, केके पटेल – राष्ट्रीय सचिव , कालिका पटेल – राष्ट्रीय सचिव , सत्य प्रकाश कुरील – राष्ट्रीय सचिव , राजेश पटेल बुलबुल – राष्ट्रीय सचिव , मुन्नर प्रजापति – राष्ट्रीय सचिव ( मुख्यालय ) , रामनिवास वर्मा – विधायक नेता विधान मंडल दल ,जय कुमार सिंह जैकी – विधायक – पूर्व कारागार मंत्रीजीतलाल पटेल – विधायक , सरोज कुरील – विधायक

रश्मि आर्य – विधायक ,डा. सुरभि – विधायक


डा. आर के पटेल – विधायक , डा. सुनील पटेल – विधायक

रेखा पटेल – दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री , राम लखन पटेल – दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री , अर्चना पटेल – सदस्य महिला आयोग

संजीव सिंह राठौर – राष्ट्रीय सचिव ( युवा मंच ) , अरविंद पटेल – राष्ट्रीय सचिव व्यापार मंच , दीपमाला कुशवाहा – प्रदेश अध्यक्ष महिला मंच , पुष्कर चौधरी – प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंच ,प्रो . रामचंद्र पटेल जी – प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक मंच , अहमद मंसूरी – प्रदेश अध्यक्ष अल्प संख्यक मंच

## अन्तर्राष्ट्रीय स्टूडेन्ट्स क्वालिटी सर्किल सम्मेलन का भव्य उद्घाटन सी.एम.एस. में 4 दिसम्बर को

लखनऊ, 3 दिसम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय 'अन्तर्राष्ट्रीय स्टूडेन्ट क्वालिटी सर्किल सम्मेलन' (आई.सी.एस.क्यू.सी.–2024) का भव्य उद्घाटन कल 4 दिसम्बर, बुधवार को अपरान्हः 4.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। डा. जोसेफ इमैनुएल, चीफ एक्जीक्यूटिव एवं सेक्रेटरी, काउन्सिल फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन्स (सी.आई.एस.सी.ई.) नई दिल्ली, समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्र देश–विदेश से पधारे क्वालिटी विशेषज्ञों व प्रतिभागी छात्रों के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक–सॉंस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी छटा प्रदर्शित करेंगे। अन्तर्राष्ट्रीय स्टूडेन्ट्स क्वालिटी कन्ट्रोल सर्किल सम्मेलन' में प्रतिभाग हेतु विभिन्न देशों के छात्रों व क्वालिटी विशेषज्ञों के लखनऊ आगमन का सिलसिला लगातार जारी है। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु विभिन्न देशों से पधारे छात्रों व प्रख्यात क्वालिटी विशेषज्ञों का लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। अपने अभूतपूर्व स्वागत से विदेशी मेहमान गद्गद् नजर आये। जिसमें विश्व के 13 देशों अमेरिका, इंग्लैण्ड, आस्ट्रेलिया, थाईलैण्ड, मलेशिया, श्रीलंका, टर्की, कतर, आयरलैण्ड, बांग्लादेश, नेपाल, मॉरीशस एवं भारत के क्वालिटी विशेषज्ञ एवं छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस सम्मेलन में जहाँ एक ओर क्वालिटी विशेषज्ञ अपने सारगर्भित विचारों से 'शिक्षा में क्वालिटी' की भावना पर प्रकाश डालेंगे तो वहीं दूसरी ओर विभिन्न देशों की छात्र टीमें विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे केस स्टडी प्रस्तुतीकरण, क्विज, कोलॉज, वाद–विवाद, पोस्टर व स्लोगन एवं नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से अपने ज्ञान–विज्ञान व हुनर का प्रदर्शन करेंगी।



## रानी रेवती देवी में अखिल विश्व गायत्री परिवार ने बताया व्यसनों से बचने के उपाय

प्रयागराज। विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय




की अध्यक्षता में व्यसनमुक्त स्वर्णिम भारत महा अभियान के अंतर्गत व्यसनों से मुक्ति एवं उससे होने वाले बुरे प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारियां प्रदान की एवं समस्त छात्र–छात्राओं को उससे संबंधित पुस्तके वितरित की स

विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता के अनुसार पूर्व जिला जज एवं गायत्री परिवार के स्थानीय प्रतिनिधि श्री भगवान सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यसन से मुक्ति वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्ति मादक द्रव्यों के सेवन या व्यवहारिक निर्भरता पर काबू पाने और अपने जीवन पर नियंत्रण पुनः प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। इसमें एक बहुआयामी दृष्टिकोण शामिल है जिसमें शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक उपचार शामिल है। व्यसन के तीन मुख्य प्रकार हैंरू शारीरिक व्यसन, व्यवहारिक व्यसन, और आवेग नियंत्रण विकार। शारीरिक लत तब लगती है जब शरीर किसी पदार्थ पर इतना निर्भर हो जाता है कि इसके बिना उसे वापसी के लक्षण महसूस होते हैं। इसी संबंध में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने बताया कि संसार में हमें किसी भी पदार्थ में तीन प्रकार की शक्तियों के काम करने का अनुमान होता है । कोई शक्ति किसी पदार्थ को उत्पन्न करती है , दूसरी शक्ति उसका पोषण करती है और तीसरी शक्ति उसका विनाश कर देती है । इन शक्तियों को हम क्रमशः रजोगुण , सतोगुण और तमोगुण कहते हैं । यहाँ श गुण श का अर्थ प्रकृति का स्वभाव है । इन गुणों को हम देख नहीं पाते । इनके कार्यों से इनके होने का अनुमान होता है ।

## अन्तर्जनपदीय चोरी व लूट करने वाले गैंग का भण्डाफोड़

### अन्तर्जनपदीय चोरी व लूट करने वाले 05 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जेधनिशांदेही पर 06 चोरी की मोटर साइकिल सहित चोरी के कई सामान बरामद



प्रयागराज ।थाना नवाबगंज व एस0ओ0जी0ध्सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक–02.12.2024 को 05 अन्तर्जनपदीय चोरी व लूट करने वाले शातिर अभियुक्त 1.अब्दुल सत्तार पुत्र फयाजुद्दीन निवासी ग्राम गदियानी थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज 2. तबरेज आलम पुत्र अफसार अहमद निवासी राजापुर मलूहा थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज 3. अंकित पटेल पुत्र पप्पू पटेल निवासी तक्खू का पूरा लकड़मण्डी नहर ददौली थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज 4. मो0 साहिल पुत्र वकील अख्तर निवासी ग्राम गदियानी थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज 5. उवैश पुत्र इलियास निवासी रामलीला मैदान के पीछे सोरांव थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत हथिगवां बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त अभियुक्तों के कब्जेधनिशांदेही पर विभिन्न स्थानों से 06 चोरी की मोटर साइकिल, 01 लूट की मोटर साइकिल, 01 कटा हुआ मोटर साइकिल इंजन (सभी मोटर साइकिल व कटा हुए इन्जन की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रूपये–) व लूट का 01 ए0टी0एम0 कार्ड, 01 पैन कार्ड, 02 मोबाइल फोन 10 सिम कार्ड एवं 01 अवैध तमंचा .315 बोर व 02 कारतूस .315 बोर बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारीध्बरामदगी के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0–523ध24 धारा–318(4)ध317(2)ध317(4)ध317(5) भा0न्या0सं0 व 3ध25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । गिरफ्तार अभियुक्तगणों का एक गैंग है जिसका सरगना तबरेज आलम पुत्र अफसार अहमद निवासी राजापुर मलूहा थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज है । इनका मुख्य कार्य वाराणसी कानपुर हॉइवे पर लूट व चोरी करना एवं थाना नवाबगंज, फाफामऊ, थरवई, सोरांव, मऊआइमा एवं कमिश्नरेट प्रयागराज तथा आस पास के जनपदों में जाकर चोरी एवं लूट की घटना कारित करते हैं । गैंग के सभी सदस्य जगह जगह बंटकर अपराध करते हैं तथा चोरी एवं लूट के माल में सभी का हिस्सा लगता है एवं चोरी एवं लूट के सामानों को औने पौने दाम में बेंचकर अपना जीवन यापन करते हैं । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि तबरेज उपरोक्त गैंग का लीडर है व अब्दुल सत्तार, अंकित पटेल, मो0 साहिल व उवैश उनके साथी है, जो हॉइवे पर चोरी व लूट की घटना कारित करते थे । चोरी व लूटी गयी वाहनों को उवैश के गैराज पर ले जाकर काट देते थे और चेचिस को बेच देते थे तथा सस्ते दाम पर वाहनों को बेच देते थे । चोरी या लूट चाहे जो करें बेंचने के बाद मिले पैसे को आपस में बराबर बराबर बांट लेते हैं । बरामद मोटर साइकिलें कमिश्नरेट प्रयागराज तथा जनपद प्रतापगढ़ के कई स्थानों से चोरी गयी है । चोरी की गयी मोटर साइकिलों व कटे इंजन को बेंचने की बात चल रही थी कि तभी पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे धनिशांदेही पर उपरोक्त वाहनों को बरामद किया गया ।

# शिवसेना यूबीटी यदि सूझबूझ दिखाए तो पुनः पलट सकती है सियासी बाजी!




कमलेश पांडे ।

आपको यह जानकर हैरत होगी कि जैसे ही शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे तक यह खबर पहुंचाई कि यदि वो शसियासी फूफाश बनेने का स्वांग रचेंगे तो भाजपा, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे के ऊपर डोरे डाल सकती है, वैसे ही एकनाथ शिंदे के होश उड़ गए।

कभी महाराष्ट्र की सियासी धड़कन समझी जाने वाली शशिवसेनाश भाजपा से अपनी गहरी दोस्ती के लिए जानी मानी जाती थी, लेकिन मुख्यमंत्री पद के सवाल ने दोनों के बीच जो खटास पैदा की, वो निरन्तर जारी है। इसने अवसरवादी प्रवृत्ति ने क्षेत्रीय हिंदूवादी राजनीति को गहरा आघात पहुंचाया है। शिवसेना के पूर्व सुप्रीमो और अब शिवसेना यूबीटी के सर्वेसर्वा तथा महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव भाऊ ठाकरे के बाद जब शिवसेना के नए प्रमुख और महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जब पुनः मुख्यमंत्री पद के सवाल पर पहले सस्पेंस और बाद में क्लीनचिट वाली राजनीतिक चाल चली तो राजनीतिक गलियारे में उद्धव ठाकरे के ऊपर लगी पदलोलुपता की दाग धूल गई।

आपको यह जानकर हैरत होगी कि जैसे ही शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे तक यह खबर पहुंचाई कि यदि वो शसियासी फूफाश बनेने का स्वांग रचेंगे तो भाजपा, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे के ऊपर डोरे डाल सकती है, वैसे ही एकनाथ शिंदे के होश उड़ गए। क्योंकि शिवसेना यूबीटी द्वारा कांग्रेस की आलोचना किये जाने के पीछे की एक वजह यह भी है। इसके अलावा, एनसीपी प्रमुख अजित पवार के ऊपर भी भाजपा का भरोसा मजबूत होगा और बीजेपी की महाराष्ट्र सरकार आसानी से बन जाएगी। क्योंकि देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार पहले भी मुख्यमंत्री–उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले चुके हैं और गत विधानसभा चुनावों में बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे के बाद दोनों के बीच जो मतभेद पैदा हुआ है, उसे भी पाटने में मदद मिल जाएगी। बता दें कि अजित पवार के गत दिनों के ताजा बयान का संदेश भी स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा। इससे पहले एकनाथ भी लगभग यही बात बोल चुके हैं। इसलिए किसी तरह की गलतफहमी न केवल महायुति की सियासी साख बल्कि शिवसेना और एकनाथ शिंदे के राजनीतिक वजूद पर भी सवाल पैदा कर सकते हैं। समझा जाता है कि यही सब सोचकर बीमार एकनाथ रविवार को चंगा हो गए और महायुति की बीजेपी सरकार के पक्ष में सकारात्मक बयानबाजी किए। बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस भी यही चाहते थे। उन्हें पता है कि उनके समानांतर किसी को पैदा किया जाता है, इसलिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर वो शक करते हैं!

सच कहूं तो महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन से पहले जो पूरा सियासी ड्रामा मुंबई से दिल्ली तक चला, इससे यदि किसी को लाभ मिल सकता है तो वह हैं शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे। क्योंकि बीएमसी चुनाव सिर पर है। जब उन्हें यह पता चल चुका है कि कांग्रेस उनको ज्यादा तवज्जो नहीं देगी, तब वह अपने मूल जनाधार को बचाने की रणनीति बनाएं, जो उनकी गलत नीतियों के चलते एकनाथ शिंदे की तरफ शिफ्ट होते दिखाई पड़ रहे हैं। इसके लिए वह भाजपा की सरकार को बाहर से समर्थन देने की पहल करें, वो भी बिना मांगे। इससे भाजपा से ज्यादा शिवसैनिकों की सहानुभूति उन्हें मिलेगी। इसके बाद वह महाराष्ट्र से बाहर निकलें और पूरे देश में हिंदूवादी राजनीति को मजबूत करें। क्योंकि सत्ता में रहकर भाजपा जो काम नहीं कर सकती है, वह उनकी परोक्ष सहयोगी बनकर शिवसेना यूबीटी कर सकती है, क्योंकि सिर्फ शिवसेना गई है, उसका मुख पत्र सामना (दोपहर का सामना) आज भी उनके पास है। पहले उद्धव इसका देश व्यापी विस्तार करें और फिर उसी की आड़ में सियासी गोटियां सेट करें। क्योंकि देर सबेर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार भाजपा से दूर जाएंगे, क्योंकि इनकी सियासी तासीर कभी देवेंद्र फडणवीस से मेल नहीं खाएगी। इसलिए शिवसेना यूबीटी यदि राजनीतिक सूझबूझ दिखाएगी, तो उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे दोनों का भविष्य उज्ज्वल रहेगा।राजनीतिक रूप से देखें तो चाहे केंद्र की एनडीए सरकार हो या महाराष्ट्र की महायुति सरकार, शिवसेना यूटीबी की जरूरत भाजपा को पड़ेगी ही, ताकि वह अपने सहयोगियों पर प्रेशर की राजनीति डाल सके। यह मोदी–शाह का सियासी स्वभाव है। वहीं, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर महाराष्ट्र के कार्यवाहक उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जैसे बीजेपी की तीसरी पीढ़ी के नेताओं को अपने व्यक्तिगत विस्तार और संरक्षण के लिए भी शिवसेना की जरूरत पड़ेगी। क्योंकि उद्धव को पता होना चाहिए कि बड़े दलों में भी देवेंद्र फडणवीस जैसे जमीनी नेता इसलिए अपना वजूद कायम रख पाते हैं, क्योंकि वह समय के साथ बदलते रहते हैं। इसलिए उद्धव ठाकरे भी सियासी हठ छोड़ें और राजनीतिक सूझबूझ भरा फैसला लें। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस का साथ लेना उनकी गलत रणनीति नहीं थी, बशर्ते कि वह उससे खुद को महाराष्ट्र का नेता मनवा लेते। लेकिन जब ऐसा नहीं कर सके, तो अब घर वापसी की जुगत बिठाएं। खुद को बीएमसी चुनाव में मजबूत करें। महाराष्ट्र में शिवसैनिकों के विश्वास पुनः जीतें। क्योंकि राजनीतिक मौतें हमेशा अस्थायी होतीं हैं, शाश्वत तो नेताओं व उनके दलों की नीतियां होती हैं, जो उन्हें बार बार राजनीतिक पुनर्जन्म देती हैं। बिहार के जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से यदि वह सियासी ज्ञान लेते रहें तो घरवापसी भी ज्यादा कशमकश वाली नहीं रह जायेगी!पते की बात तो यह होगी कि भाजपा जिन हिंदूवादी मुद्दे पर मुखर होकर नहीं बोल पाती है, वह उसपर मुखर हों। संघ से देशव्यापी आशीर्वाद की कामना करें, क्योंकि भाजपा पर सियासी अंकुश रखने के लिए भी संघ को शिवसेना जैसे पुराने शुभचिंतकों की जरूरत हमेशा पड़ेगी। देश के 1800 मंदिरों के जीर्णोद्धार का मुद्दा सबसे अहम है, इसलिए इन्हें उठाकर भी शिवसेना यूटीबी अपना खोया राजनीतिक वजूद फिर से पा सकती है। बस, धैर्य व विनम्रता पूर्वक उद्धव आगे बढ़ें, आदित्य को आगे बढ़ाएं।

## सम्पादकीय

### भाजपा ने दांव बहुत कायदे से आजमाया

हरियाणा और महाराष्ट्र दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे हैरान करने वाले थे। दोनों राज्यों में सामान्य समझ यह कह रही थी कि भाजपा का गठबंधन चुनाव हार रहा है। तमाम पत्रकार, सर्वेक्षण करने वाली एजेंसियां, राजनीतिक विश्लेषक और पार्टियों के नेता भी यह मान रहे थे कि दोनों राज्यों में भाजपा के खिलाफ माहौल है। पांच महीने पहले दोनों राज्यों में लोकसभा चुनाव में भाजपा को झटका लगा था। महाराष्ट्र में उसकी सीटें 23 से घट कर नौ और हरियाणा में 10 से घट कर पांच रह गई थीं।

हरियाणा में तो सत्ता विरोधी लहर को कम करने के लिए भाजपा ने साढ़े नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को हटा दिया था और उनकी जगह नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया था। हालांकि उन सैनी की इच्छा के विपरीत उनकी विधानसभा सीट बदल दी गई थी। वे चुनाव जीतने के लेकर कई कतई आशान्वित नहीं थे। तभी आठ अक्टूबर को वोटों की गिनती के दौरान शुरुआती रूझानों में जब भाजपा बहुत पिछड़ गई तो उन्होंने सामने आकर हार स्वीकार कर ली और कहा कि अगर भाजपा हारती है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी होगी, पार्टी आलाकमान की नहीं होगी। लेकिन उसके चंद मिनटों के बाद ही सारी तस्वीर बदल गई और भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर ली।

हरियाणा में चुनाव नतीजों के बाद कहा गया कि पिछड़ी जाति के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा का मास्टरस्ट्रोक था, जिससे 36 फीसदी पिछड़ी जातियां एकजुट हो गईं और भाजपा जीत गई। यही तर्क महाराष्ट्र की आश्चर्यजनक जीत के पीछे भी दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि भाजपा ने मराठा ध्रुवीकरण के मुकाबले पिछड़ी जातियों को एकजुट किया। इसके लिए सरकारी स्तर पर भी प्रयास किए गए और राजनीतिक स्तर पर भी। तभी करीब 38 फीसदी पिछड़ी जातियां भाजपा और उसके गठबंधन के पक्ष में एकजुट हो गईं।

जीत के पीछे अगर यह कारक है तो यह एक बहुत बड़ी परिघटना है। इसके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जिस राज्य में भी नब्बे के दशक में मंडल की राजनीति बहुत असरदार नहीं थी या जहां मंडल की राजनीति का विरोध था या जहां मंडल की राजनीति से बड़े नेता नहीं निकले या जहां ओबीसी की आबादी 50 फीसदी से कम है वहां भाजपा ओबीसी वोट की मुख्य हकदार बन गई है। उन राज्यों में कांग्रेस या विपक्ष का ओबीसी का दांव यानी जातिगत गणना कराने या आरक्षण बढ़ाने या ओबीसी का चेहरा आगे करने का दांव काम नहीं कर रहा है।

ऐसा नहीं है कि यह परिघटना अनायास घटित हो रही है। भाजपा इसके लिए प्रयास भी कर रही है। उसने अलग अलग राज्यों में जातियों के बीच की फॉल्टलाइन को समझा है और मजबूत व दबंग जातियों के खिलाफ अपेक्षाकृत कमजोर जातियों को खड़ा किया है। यह समाज का विभाजन कराने वाली बात है लेकिन दुर्भाग्य से भारत की राजनीति ऐसे ही विभाजन पर फल फूल रही है। अगर हरियाणा की बात करें तो भाजपा ने वहां पहले दिन से गैर जाट राजनीति की।

उसने 2014 में चुनाव जीतने के बाद पंजाबी समुदाय के मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया। इसकी प्रतिक्रिया में 2019 के चुनाव में जाट ध्रुवीकरण पूरी तरह से भूपेंदर सिंह हुड्डा के नाम पर कांग्रेस के साथ हो गया। इसे अवसर मान कर भाजपा ने 2024 में खट्टर को हटा दिया और पिछड़ी जाति के नायाब सिंह सैनी को सीएम बना दिया। इसमें भी भाजपा ने बड़ी होशियारी से गैर यादव पिछड़ी जाति का चेहरा आगे किया क्योंकि हरियाणा के इतिहास में अब तक उनका कोई सीएम नहीं बना था। सो, उसने अपेक्षाकृत कमजोर पिछड़ी जाति का नेतृत्व आगे करके एक नई जातीय अस्मिता को जन्म दिया। इसका फायदा उसको चुनाव में मिला।

जब हरियाणा का चुनाव शुरू हुआ तब तक अनुसूचित जातियों के आरक्षण में वर्गीकरण का सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ चुका था। भाजपा ने सरकारी स्तर पर इसे लागू करने का ऐलान तो नहीं किया लेकिन राजनीतिक स्तर पर इसे लागू कर दिया। उसने राज्य की एससी आरक्षित सीटों पर जाटव की बजाय अपेक्षाकृत कमजोर दलित जातियों के उम्मीदवार ज्यादा उतारे। दूसरी ओर जाटव वोट बांटने के लिए बहुजन समाज पार्टी व इनेलो और आजाद समाज पार्टी व जननायक जनता पार्टी का गठबंधन था। यह गठबंधन अपने आप बना या उसके पीछे कोई प्रबंधन था, वह अलग अटकल का विषय है। परंतु जाटव वोट बंटे और गैर जाटव वोट भाजपा के साथ जुड़े। इस तरह भाजपा ने सबसे मजबूत और दबंग जाटों को और दलितों में जाटवों को अलग थलग किया और कमजोर पिछड़ी जाति का सीएम बना कर उनके साथ कमजोर दलित समूहों को जोड़ा। जाट शाही की वापसी के हल्ले में 36 बिरादरी को भाजपा ने एक किया। चुनाव के बाद पहली कैबिनेट में जिस तरह से नायब सिंह सरकार ने अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला लागू किया उससे साफ हो गया कि चुनाव में कैसे उसने इस दांव का प्रयोग किया था।

इसी तरह महाराष्ट्र में भाजपा ने मराठा आरक्षण का इस्तेमाल अपने हक में किया। असल में जिस मराठा आरक्षण को भाजपा के लिए खतरा माना जा रहा था उसने उसको अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया। भाजपा के समर्थन वाली एकनाथ शिंदे सरकार ने मराठाओं को ओबीसी कोटे में आरक्षण देने का फैसला किया, जिससे ओबीसी समूह नाराज हुए। इसका मकसद मराठा बनाम ओबीसी के विवाद को बढ़ाना था। दोनों के बीच पहले से फॉल्टलाइन थी, जिसे भाजपा ने और बड़ा कर दिया। यह एक जोखिम भरी रणनीति थी, लेकिन भाजपा को पता था कि वह इसे हैंडल कर सकती है। उसने मराठाओं और पिछड़ी जातियों का झगड़ा बढने दिया।

राज्य की ओबीसी राजनीति के सबसे बड़े चेहरे छगन भुजबल को इस आग में घी डालने दिया गया। उन्होंने ओबीसी की रैलियां कराईं और उनको जाग्रत कर दिया। इसके बाद यह नैरेटिव सेट किया गया है कि मराठा वोट शरद पवार, उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के साथ हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले खुद सबसे मजबूत पिछड़ी जाति कुनबी से आते हैं लेकिन वे भाजपा के इस नैरेटिव को काउंटर नहीं कर सके। भाजपा ने जैसे हरियाणा में जाट और मुस्लिम बनाम अन्य का माहौल बनाया उसी तरह महाराष्ट्र में मराठा और मुस्लिम बनाम अन्य का मुकाबला बना दिया। उसने इसके लिए शबंटेंगे तो कटेंगे' का नारा भी चलने दिया।

# ईवीएम का विरोध, संसद ठप- सुधरने वाला नहीं है भारत का विपक्ष



मृत्युंजय दीक्षित

संसद के शीतकालीन सत्र का प्रथम सप्ताह अडाणी व संभल हिंसा को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। विपक्षी दल संसद में इसलिए भी बहस नहीं होने देना चाहते हैं क्योंकि जब संसद में बहस होने पर वे पूरी तरह बेनकाब हो जाते हैं।चार जून 2024 के लोकसभा चुनाव में पिछली बार की तुलना में मिली मामूली बढ़त से उत्साहित कांग्रेस को इसके तुरंत बाद हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में अपने इंडी गठबंधन के साथ भारी पराजय का मुख देखना जिसके कारण ये अब गहरी निराशा व हताशा में हैं और उन्हीं हरकतों पर उतर आए हैं जो ये लोकसभा चुनावों से पहले कर रहे थे। कुछ राजनैतिक विश्लेषक अनुमान लगा रहे थे कि हरियाणा तथा महाराष्ट्र में भारी पराजय के बाद विपक्षी दल संसद चलाने में सहयोग करेंगे किंतु फिलहाल ऐसा होता प्रतीत नहीं होता कि संसद के शीततकालीन सत्र में कोई महत्वपूर्ण विधायी कार्य संपन्न हो सकेगा। संसद के शीतकालीन सत्र का प्रथम सप्ताह अडाणी व संभल हिंसा को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। विपक्षी दल संसद में इसलिए भी बहस नहीं होने देना चाहते हैं क्योंकि जब संसद में बहस होने पर वे पूरी तरह बेनकाब हो जाते हैं। देश की जनता कांग्रेस को अडानी, संविधान व जातिगत जनगणना के मुद्दे पर लगातार नकार रही है किंतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार इन्हीं मुददों को लाल किताब जिसे वे संविधान की प्रति कहते हैं हाथ में लेकर बार–बार हवा में उछालते हैं। इन्हीं मुद्दों पर सदन को बाधित करते हैं।

दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के संविधान रक्षक सम्मेलन में राहुल गाँधी ने वही किताब दिखाते हुए कहा कि इसमें कहीं सावरकर का नाम नहीं है। इसी कार्यक्रम में बोलते हुए राहुल गांधी का माइक बंद हो गया और आदतन राहुल गाँधी इसके लिए भी मोदी सरकार को दोष देते हुए उसे तानाशाह बताने लगे। हर समय संविधान संविधान करने वाले राहुल गाँधी से अब पूछा जाना चाहिए कि संविधान की किताब में झूठे मुद्दे उठाकर संसद ठप करने की बात कहाँ लिखी गई है।

कांग्रेस और इंडी गठबंधन को लगातार मिल रही पराजय पर जब इन दलों के नेताओं को आत्मचिंतन करना चाहिए था उस समय ये ईवीएम मशीनों और चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट सहित देश की विभिन्न हाईकोर्ट में 42 याचिकाएं दायर कीं किंतु हर जगह उनके वकीलो को मुंह की खानी पड़ी। हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव परिणामों के बाद विरोधी दलों का ईवीएम पर आरोप लगाने का रेडियो एक बार फिर ऑन हो गया है। लोकसभा चुनावों के पहले भी अप्रैल माह में जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने सुनवाई करते हुए विपक्ष के सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहाकि हमें भी वह दिन याद है जब बैलेट पेपर से चुनाव होते थे और पूरा का पूरा बूथ लूट लिया जाता था। हम अब देश को पुनः उस युग में नहीं ले जाना चाहते हैं। 26 नवंबर 2024 को भी सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करने वाली एक याचिका पर न सिर्फ याचिकाकार्ता को कड़ी फटकार लगाई अपितु राजनैतिक दलों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि आप जब चुनाव हार जाते हैं तो ईवीएम खराब हो जाती है और जीत जाते हैं तो चुप्पी। हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश विक्रम नाथ और पीबी वराले की पीठ ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।कोर्ट ने याचिकार्ता से पूछा कि यह याचिका दायर करने का शानदार विचार अपको कैसे मिला? ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विरोधी दलों ने अब अतिविश्वसनीय ईवीएम मशीनों के खिलाफ नफरत की दुकान खोल ली है और यही कारण है कि अब कांग्रेस ने ईवीएम मशीनों के खिलाफ अभियान प्रारम्भ करने की घोषणा कर दी है जिससे वह जनता में इन मशीनों के प्रति भ्रम उत्पन्न कर सके। हारे हुए दल देश में राजनैतिक अराजकता का वातावरण उत्पन्न करना चाहते हैं। 2014 से 2024 तक राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी लगभग 47 चुनाव बुरी तरह से हारी चुकी है और अब गांधी परिवार की नाकामी छुपाने के लिए ईवीएम विरोधी अभियान प्रारम्भ कर रही है। कांग्रेस की देखादेखी महाराष्ट्र की शिवसेना– उद्धव गुट व शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने भी ईवीएम के खिलाफ अभियान प्रारम्भ कर दिया है। शिवसेना उद्धव गुट ने तो अपने हारे हुए उम्मीदवारों से पांच प्रतिशत वीवीपैट से मिलान करवाने के लिए याचिकाएं दायर करवाने के लिए कह दिया है। शरद पवार के भतीजे रोहित पवार भी चुनावों को ईवीएम से हाईजैक कराने का आरोप लगा रहे हैं। आज वही कांग्रेस ईवीएम का विरोध कर रही है जिसकी 2004 से 2014 तक ईवीएम द्वारा चुनी गई सरकार रही। यह वही कांग्रेस पार्टी है जो अभी 4 जून 2024 को 99 सीटों पर ईवीएम द्वारा विजयी होने के बाद राहुल गाँधी को शैडो पीएम बता रही थी। बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर पंजाब व दिल्ली विधानसभा में आप पार्टी की सरकार ईवीएम से ही बनी है यही नहीं जम्मू कश्मीर में भी आप पाटी का खाता ईवीएम से ही खुला है। झारखंड में हेमंत सोरेन व जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की सरकार ईवीएम से ही वापस आई है। अगर बीजेपी को ईवीएम हैक करवानी होती तो वह उन सभी राज्यों में भी हैक करवा सकती थी जहां विरोधी दलों की सरकारें हैं । उत्तर प्रदेश के दोनों पूर्व मुख्यमंत्री क्रमशः अखिलेश यादव और बसपा नेत्री मायावती भी अब ईवीएम का खुलकर विरोध करने लग गये हैं। 4 जून 2024 को चुनाव परिणाम आने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि अगर बैलेट पेपर से चुनाव होते तो वह यूपी की सभी 80 सीटों पर सफलता प्राप्त करके दिखाते। उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में सपा नौ विधानसभा सीटों में से केवल दो सीटें ही जीत पाई उस पर सपा मुखिया बयान दे रहे हैं कि ईवीम मशीनों की वजह से ही भाजपा सात सीटें जीतने में कामयाब रही वहीं बसपा नेत्री मायावती का कहना है कि अब वह कोई उपचुनाव नहीं लड़ेंगी क्योंकि सभी चुनाव धांधली से हो रहे है।

स्मरणीय है कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2017 में ईवीएम मशीनों को हैक करके दिखाने के लिए भरपूर अवसर दिया था किंतु कोई भी विरोधी दल उस हेकाथॉन में नहीं पहुंचा था। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक बार दिल्ली विधानसभा में ईवीएम को हैक करके दिखाने का असफल प्रयास किया था। आज जो लोग संविधान रक्षक बनने का नाटक रच रहे हैं वास्तव में वही लोग संविधान के भक्षक हैं। यह सभी लोग चाहते हैं कि मतदान प्रक्रिया के दौरान कि मुस्लिम महिला का बुर्का उठाकर उसकी पहचान न की जाये क्योंकि बुर्के की आड़ में इनका फर्जी वोट पड़ता है । ये लोग एक समय में मतदाता पहचान पत्र का भी विरोध करते थे और उसमें फोटो लगाने का भी विरोध किया था, यही लोग हैं जो आधार कार्ड को मतदाता सूची से जोड़ने के भी विरोधी हैं। जनता द्वारा नकारा गया कांग्रेस का गांधी परिवार किसी न किसी तरह एक बार फिर सत्ता का नियंत्रण चाहता है और यही कारण है कि यह परिवार बार बार भारत की चुनाव प्रक्रिया तथा चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा करने का असफल प्रयास कर रहा है ।

ये देखनाहास्यास्पद है कि वही राहुल गांधी और उनकी पार्टी ईवीएम विरोधी यात्रा की घोषणा कर रहे हैं जिन्होंने ईवीएम से ही वायनाड और रायबरेली का चुनाव जीता, जिनकी बहन प्रियंका गांधी ने वायनाड से उपचुनाव जीता, जिनको लोकसभा में इसी ईवीएम से 99 सीट प्राप्त हुयीं । ऐसे में राहुल एंड कंपनी से एक ही प्रश्न पूछा जाना चाहिए क्या ईवीएम विरोधी आन्दोलन से पहले राहुल, प्रियंका और उनके बाकी सांसद विधायक आदि अपनी अपनी सीटों से त्यागपत्र देंगे क्योंकि ईवीएम से जीते गए चुनावों में तो घोटाला हुआ है।

# जीत के बाद धामी ने दिये तोहफे



Hkkरतीय जनता पार्टी (भाजपा ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में तो अपना परचम फहराया ही, साथ ही अपनी सरकार वाले राज्यों में भी विरोधियों को धूल चटाई है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने 9 में से 7 विधानसभा सीटों पर सफलता प्राप्त की तो उत्तराखण्ड में पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रतिष्ठा की सीट समझी जाने वाली केदारनाथ विधानसभा सीट पर भगवा फहरा दिया है। भाजपा उम्मीदवार आशा नौटियाल ने कांग्रेस के मनोज रावत को 5623 वोटों के अंतर से पराजित किया है। इस सीट पर भाजपा की आशा नौटियाल, कांग्रेस के मनोज रावत, उक्रांद के आशुतोष भंडारी, पीपीआई (डी) के प्रदीप रोशन और निर्दलीय त्रिभुवन सिंह चौहान व आरपी सिंह किस्मत आजमा रहे थे। विधानसभा उपचुनाव में जीत मिलने के बाद सीएम धामी ने कैबिनेट बैठक में कई जन कल्याणकारी फैसले भी किये हैं। जनता काफी दिनों से इसकी मांग कर रही थी।

उत्तराखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों के लिए मुख्यमंत्री निशुल्क गैस रिफिल योजना 2027 तक जारी रखने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही अशोक चक्र, महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, वीर चक्र, शौर्य चक्र प्राप्त भारतीय सैनिकों और उनकी वीरांगनाओं को रोडवेज की बस में निशुल्क यात्रा के लिए बजट अब सीधे परिवहन विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। ये फैसले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में 27 नवम्बर को कैबिनेट बैठक में लिये गए हैं। सचिवालय में हुई कैबिनेट बैठक में नगर निकायों में 2007 से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दस साल से कम अवधि के बावजूद पेंशन का लाभ दिये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के लिए अहम फैसला किया गया है। इससे राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए 20,000 परिवारों को लाभ पहुंचाया जाएगा। चमोली, पिथौरागढ़ और उत्तरकाशी में स्थित आईटीबीपी की बटालियनें, मांस के लिए, स्थानीय पशुपालकों से भेड़, बकरी, कुक्कुट और मछली खरीदेंगी। यह खरीद सहकारी संघों के माध्यम से की जाएगी, किसानों को तत्काल मूल्य उपलब्ध कराने के लिए कैबिनेट द्वारा पांच करोड़ रुपए के रिवाल्विंग फंड की मंजूरी।

उत्तराखण्ड मानव वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली में संशोधन किया गया। इसके तहत अब आयुष्मान कार्ड से इलाज के साथ ही आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। पालतू जानवरों के मारे जाने की स्थिति में वन रक्षक और ग्राम प्रधान के प्रमाणपत्र के आधार पर पशुपालक को मुआवजा मिल सकेगा। उत्तराखंड मानव वन्य जीव संघर्ष निवारण निधि संचालन नियमावली के संचालन को मंजूरी दी गयी।

सिविल न्यायालय विकासनगर के पास पछुवादून बार एसोसिएशन को 358 वर्ग मीटर भूमि 30 साल की लीज पर दिये जाने का निर्णय लिया। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विभाग टैक्नीशियन संवर्ग सेवा संशोधन नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई, सीएसएसडी के पदों के लिए अब पैरामैडिकल काउंसिल में पंजीकृत संस्थानों से ओटी में डिग्री या डिप्लोमा, या सीएसएसडी में डिग्री या डिप्लोमा को भी मंजूरी प्रदान की गई। खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग में उप औषधि नियंत्रक के पद की स्वीकृति का निर्णय लिया गया।

उत्तराखण्ड सामान्य भविष्य निधि नियमावली 2006 में संशोधन कर अब सालाना अधिकतम पांच लाख रुपए तक ही जीपीएफ में जमा करने की अनुमति दिये जाने का निर्णय लिया गया है। निदेशालय लेखा परीक्षा (ऑडिट), के अंतर्गत अधीनस्थ लेखा परीक्षा सेवा संवर्ग संविलियन (संशोधन) नियमावली, 2024 को मंजूरी दी गयी है। कौशल विकास विभाग के अधीन स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के तहत संचालित, विदेश रोजगार प्रकोष्ठ, में प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं के लिए रहने और भोजन की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी।

राज्य की जनता को ये तोहफे केदारनाथ सीट पर भाजपा की जीत से भी जोड़े जा रहे हैं। उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने जीत दर्ज कर ली है। ताजा अपडेट के मुताबिक केदारनाथ विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार आशा नौटियाल ने बड़े अंतर से चुनाव अपने पक्ष में किया है। इस जीत के बाद कांग्रेस के हाथ निराशा लगी है। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव का रिजल्ट सामने आने के बाद केदारनाथ सीट पर प्रचंड जीत से भाजपा में जश्न का माहौल है। केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार आशा नौटियाल की जीत हो गई है भाजपा ने इस सीट पर कमल खिलाया है। भाजपा की आशा नौटियाल ने कांग्रेस के मनोज रावत को हराकर जीत हासिल की है। भाजपा ने 5623 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल को 23814 वोट मिले, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत को 18191 मत प्राप्त हुए हैं। केदारनाथ सीट पर आशा नौटियाल की जीत ने सालों से चले आ रहे मिथक को सच किया है। वो यह कि इस सीट पर महिला प्रत्याशी की जीत होती है।

बहरहाल, धामी सरकार से जनता खुश है। कौशल विकास विभाग के अधीन स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के तहत संचालित, विदेश रोजगार प्रकोष्ठ, में प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं के लिए रहने और भोजन की व्यवस्था विभाग द्वारा किये जाने से युवा प्रसन्न हैं। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शेवेनिंग छात्रवृत्ति को मंजूरी देने के बाद प्रदेश के पांच मेधावी छात्र छात्राओं को ब्रिटेन में पढ़ने का मौका मिलेगा।

हरिद्वार के सिडकुल में हैलीपोर्ट निर्माण की मंजूरी के बाद भूमि चयन के लिए कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को अधिकृत किया। उत्तराखण्ड सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ इन्वेस्टमेंट स्टॉर्टअप एंड एंटरप्रन्योरशिप (यूके स्पाइस) में 17 पदों की मंजूरी दी गयी है। उच्चत्तर न्यायिक सेवा नियमावली 2004 में संशोधन, भर्ती के लिए पाठ्यक्रम का प्रस्ताव हाईकोर्ट द्वारा दिया जाएगा, जिसे राज्य सरकार द्वारा मंजूर किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के केंद्रीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा–181 के अंतर्गत अधिसूचित किए गए विनियमों को अधिनियम की धारा 182 के अंतर्गत विधानसभा पटल पर प्रस्तुत किए जाने की मंजूरी दी गयी है। पशु सेवा केंद्र चौड़ा मेहता, पाटी, चम्पावत को को पशु चिकित्सालय में उच्चीकृत करने की मंजूरी, चार पद सृजित किए जाने का निर्णय लिया गया।कृषि और कृषि संबंधित कार्यों और राजकीय पेयजल व्यवस्था को छोड़कर, भूजल की निकासी और स्प्रिंग्स जल पर एक दिसंबर 2024 से अलग अलग दरों पर शुल्क लिये जाने का निर्णय लिया गया है। पॉलिटेक्निक संस्थानों में पुस्तकालयाध्यक्ष भर्ती में अब स्नातक के साथ ही डिप्लोमाधारी युवाओं के साथ ही बैचलर इन लायब्रेरी साइंस, बैचलर इन लायब्रेरी एंड इंफोरमेंशन साइंस के साथ ही एमलिब को भी सम्मिलित किये जाने के निर्णय के साथ अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों के लिए मुख्यमंत्री निःशुल्क गैस रिफिल योजना 2027 तक बनाये रखने का निर्णय लिया गया।

इसी तरह प्रकाष्ठ प्रजातियों की रायल्टी में संशोधन के लिए आईआईएम काशीपुर के जरिए अध्ययन किये जाने का निर्णय लिया गया है। ¼fgQh½

# प्राणियों की सेवा ही ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा : महंत कमल नयन दास

## -दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय में आयोजित त्रिदिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ समापन




अयोध्या (एजेंसी)। प्राणियों की सेवा ही ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा है।सेवा से ही देश व समाज की उन्नति हो सकती है। उक्त विचार "कल्याणम् करोति" संस्था लखनऊ द्वारा श्री दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय मणिरामदास छावनी अयोध्याधाम में आयोजित त्रिदिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महन्त कमलनयन दास ने व्यक्त करते हुए कहा कि प्राणी सेवा ही परम धर्म है। हम सभी को सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए ।रोगियों को स्वास्थ्य लाभ देना सबसे बड़ा धर्म है। महन्त जयरामदास जी गोण्डल महाराज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा शिविर में जाति–धर्म का कोई भेदभाव नही किया जाता हैं, कुछ लोग राजनैतिक फायदे के लिए देश व समाज में अराजकता व विघटन पैदा करते रहते हैं जो उचित नहीं है । श्री दीनबन्धु नेत्र चिकित्सा त्रिदिवसीय निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन महामण्डलेश्वर हरिचरणदास के आशीर्वाद व मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास तथा महंत जयरामदास जी गोण्डल की सद्प्रेरणा से श्री सद्गुरु मित्र मण्डल चौरिटेबल ट्रस्ट, मुम्बई के आर्थिक सहयोग से किया गया। शिविर के समापन समारोह का उद्घाटन भगवान श्रीराम व संत श्री रणछोड़ दास महाराज एवं महामण्डलेश्वर श्री हरिचरण दास के चित्रों पर माल्यार्पण करके किया गया।अतिथियों का स्वागत कल्याणम् करोति संस्था के महामंत्री राष्ट्र गौरव शर्मा व अन्य सहयोगियों ने रामनामी ओढ़ाकर तथा उमादत्त मिश्र ने अपने स्वागत भाषण से किया। समारोह का संचालन डॉ. राजेश तिवारी ने किया।समापनसमारोह में श्री दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय के प्रबन्धक डी. एन. मिश्रा ने चिकित्सालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि चिकित्सालय में स्थापनाकाल से अब तक कुल 930877 नेत्र रोगियों का पंजीकरण हुआ जिनमें से 699950 रोगियों का रिफ्रेक्शन एवं अन्य उपचार किया गया। मोतियाविन्द के कुल 228352आपरेशन अब तक किये गये हैं जबकि 2575 अन्य आपरेशन सम्पन्न हुए हैं।कुल मिलाकर 230927 आपरेशन किये गये हैं इनमें से 150656 आपरेशन पूर्णतः निःशुल्क हुए और 79455 आपरेशन आंशिक सहयोग लेकर किये गये तथा आयुष्मान योजना के अंतर्गत 816 नेत्र रोगियों के आपरेशन हुए हैं।चिकित्सालय में समय समय पर नेत्र चिकित्सा सेवा शिविरों का आयोजन होता रहता है।इस चिकित्सा शिविर में 192नेत्र रोगियों के मोतियाविन्द आपरेशन हुए जबकि 225 मरीजों को रिफ्लेक्शन एवं अन्य नेत्र उपचार से लाभान्वित किया गया।शिविर में अयोध्या, जौनपुर, अम्बेडकरनगर,आजमगढ़,बस्ती, बहराइच,बलरामपुर, बाराबंकी, गोण्डा,महाराष्ट्र, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर,सुल्तानपुर व उन्नाव जनपदों के कुल 417 मरीजों का पंजीकरण किया गया था ।समापन समारोह में रामायणी रामशरण दास,संजय शास्त्री, महंत विद्याभूषण,शरद शर्मा सहित अन्य लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।समारोह समाप्त होने पर मरीजों को चश्मा,दवाइयां, छड़ी , कम्बल, व लंचपैकेट देकर विदा किया गया।

# गरीब महिलाओं के लिए साड़ी बैंक वरदान : गिरीश पति त्रिपाठी

## -साड़ी बैंक के एक वर्ष पूरे होने पर निःशुल्क साड़ी का किया गया वितरण



अयोध्या (एजेंसी)। रविवार को तुलसी नगर पूरे हुसैन खान अयोध्या निकट महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास साड़ी बैंक के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर निःशुल्क साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने किया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने साड़ी बैंक को गरीब महिलाओं के लिए एक वरदान बताया, जहां महिलाएं कम लागत में उच्च गुणवत्ता की साड़ियां प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने साड़ी बैंक की प्रभारी रश्मि वर्मा के कार्य की सराहना भी की।इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने लगभग 100 साड़ियां गरीब महिलाओं को वितरित कीं। उल्लेखनीय है कि साड़ी बैंक की शुरुआत 29 नवंबर 2023 को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा की गई थी, और यह प्रदेश का पहला साड़ी बैंक है। यह बैंक तुलसी नगर, पूरे हुसैन खां में स्थित है और इसका उद्देश्य उन महिलाओं को महंगी साड़ियां उपलब्ध कराना है, जो आर्थिक रूप से उन्हें खरीदने में सक्षम नहीं हैं। महिलाओं को साड़ी की आवश्यकता होने पर वे आधार कार्ड और 10 रुपये के शुल्क पर साड़ी प्राप्त कर सकती हैं, जिसे बाद में वापस किया जा सकता है। साड़ी बैंक की प्रभारी रश्मि वर्मा ने बताया कि यह केंद्र गरीब, दलित, पिछड़े और जरूरतमंद महिलाओं के सपनों को साकार करने का कार्य करेगा, ताकि वे भी पारिवारिक समारोहों में महंगी साड़ी पहन सकें। इस अवसर पर संयुक्त यादव ,रुचि सिंह ,निहारिका सिंह ,विमलेश सक्सेना ,अर्चना, दीपिका, कार्यक्रम संयोजक राजीव कुमार इंदर वर्मा दीपांजलि, अमृत शास्वत, ब्रह्मानंद गुप्ता सागर त्रिपाठी डॉक्टर अनिल शर्मा अनुराग श्रीवास्तव संदीप यादव अभिनव कुमार ,यश पांडे, श्याम कुमार अभिनव पांडे ,अरुणेश, मनोज कुमार प्रियदर्शी, शिवम यादव, प्रमोद सिंह , अरविंद आशुतोष पांडे हरीश राम आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

मिल्कीपुर–अयोध्या (एजेंसी)। थाना इनायत नगर के ग्राम पंचायत मेहदौना में बाइक सवार दो युवक रविवार दोपहर में हुई एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार दोनों युवक अपने घर मेहदौना जा रहे थे तभी पंचायत भवन के पास मौजूद टर्न पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पंचायत भवन की बाउंड्री वॉल से टकरा गई। दुर्घटना में युवक अबूशहमा (22),मासूम अली (25) निवासीगण ग्राम मेहदौना गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

# छत के रास्ते घर में घुसे चोर, कई लाख का माल किया पार

सोहावल–अयोध्या (एजेंसी)। रौनाही थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर कंदई के मजरे भाईपुर में बीते शनिवार की रात पिछवाड़े से छत के रास्ते घर में घुसे अज्ञात चोरों ने घर में सोए लोगों के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर पूरे घर को जमकर खंगालाऔर कई लाख के जेवर नगदी आदि पर हाथ साफ कर चलता बने। आरोप है कि देर रात लगभग 3 बजे गांव निवासी भूपति सिंह के घर में घुसे चोरों ने बड़ी सफाई से घर के दो कमरों में सो रहे लोगों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए और शेष घरों की जमकर तलाशी लिया। अलमारी बक्शे आदि खोलकर कई लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। परिवार द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक दो महिलाओं से जुड़े दो पेटी, 8 कंगन, चार झुमकी पायल, पावजेब, आदि कुल मिलाकर लगभग 10 लाख से ज्यादा का सामान चोर ले गए। परिजनों को जानकारी सुबह उठने पर तब हुई जब घर का अन्य कमरों में सारा सामान बिखरा हुआ मिला। पूछे जाने पर रौनाही थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। चोरों की तलाश सहित पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

# दो दुकानों का ताला तोड़कर हजारों रुपये के सामान चोरी



गोसाईंगंज–अयोध्या (एजेंसी)। गोसाईंगंज कस्बे में बीती रात चोरों ने बस स्टाप पर दो दुकानों का ताला तोड़कर हजारों रुपये के सामान को पार कर दिया।वारदात उस जगह हुआ जंहा पुलिस की पिकेट तैनात रहती है और दुस्साहसिक चोरों ने उसकी नाक के नीचे ही चोरी की वारदात को अंजाम देकर चुनौती दी है।चोरों ने सबसे पहले सहदेव यादव की कपड़े व रेडीमेड की दुकान को निशाना बनाया।दुकान मालिक सहदेव यादव ने बताया कि चोरों ने ताला तोड़कर दुकान में रखे 23पीस जैकेट,18पीस जींस पैंट,30पीस शर्ट,1डिब्बा रुमाल व 8पीस साड़ी सहित गल्ले में रखा6हजार रुपये उठा ले गए।इसके बाद चोरों ने सामने की दुकान बब्लू बूट हाउस की दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखे3हजार रुपये को पार कर दिया।चोरों ने एक तीसरे रेडीमेड की दुकान न्यू फैशन जोन के शटर का ताला तोड़ने का प्रयास किया लेकिन कामयाब नही हुए।सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए पड़ताल शुरू कर दिया।एसएसआई वीरेंद्रकुमार राय के मुताबिक सीसीटीवी से मिले फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।शीघ्र ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# सूचना के चार घंटे के भीतर पुलिस ने बालिका को किया बरामद


सोहावल–अयोध्या (एजेंसी)। रौनाही थाना क्षेत्र के गांव पंडितपुर निवासी दलित बालिका शिवानी 8 वर्ष की अचानक स्कूल के रास्ते से हुई गुमशुदगी पर हरकत में आई तीन थानों की पुलिस की मेहनत रंग लाई और चार घंटे की खोजबीन में पुलिस ने बालिका को खोज निकाला। यह रात भर गांव के पास से निकल रही एक सूखी माइनर में छिपी मिली। स्कूल ड्रेस में घर से भागी इस बालिका के सम्बन्ध में रौनाही थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि बालिका अपनी मां के किसी खौफ से डर कर भागी थी। मामला सामने आने पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रौनाही, प्रभारी निरीक्षक बीकापुर, थाना प्रभारी बाबा बाजार को लगाया गया था। सबके परिश्रम से बालिका बरामद कर ली गई। पुलिस को दी गयी सूचना के चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बालिका को घर के पास ही नहर में सकुशल बरामद कर लिया गया। बालिका के भागने और मां के खौफ के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# अयोध्या में निवेश का तरीका हुआ आसान

## -अब अपनी निजी भूमि पर बनवाइये प्लेज पार्क, सरकार एक प्रतिशत ब्याज पर देगी ऋण

अयोध्या (एजेंसी)। भव्य मंदिर के निर्माण के बाद बड़े कारोबारियों के लिए अयोध्या में निवेश के रास्ते खुल गए हैं। बड़े–बड़े होटल्स व आउटलेट्स चलने शुरू हो गए हैं। रामनगरी को अब आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ ही बड़ा रोजगार देने की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए योगी सरकार ने औद्योगिक विकास की खातिर निजी औद्योगिक पार्कों के लिए प्लेज पार्क योजना लेकर आई है, जिसमें आपको अपने निजी जमीनों पर औद्योगिक प्लेज पार्क बनाने का मौका दे रही है। प्लेज पार्क बनाने के लिए सरकार एक प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा कई अन्य छूट और सुविधाएं भी देगी। उद्योग विभाग के उपयुक्त अमरेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सरकार द्वारा एक जगह पर कई औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने के लिए नई योजना प्लेज पार्क (च्स्म्क्ळम् रू प्रमोटिंग लीडरशिप एंड एंटरप्राइज फॉर डेवलपमेंट ऑफ ग्रोथ इंजन्स) शुरू की है। अयोध्या जैसे सांस्कृतिक और धार्मिक नगर को अब औद्योगिक हब के रूप में भी विकसित किया जाएगा। इसके माध्यम से छोटे और बड़े निवेशकों को एक व्यवस्थित स्थान प्रदान किया जाएगा, जहां वे आधुनिक और सुरक्षित औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर सकते हैं। निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की योजना में ऐसे लोग औद्योगिक प्लेज पार्क बना सकेंगे जिनके पास 10 एकड़ से 50 एकड़ तक जमीन होगी।नियमानुसार प्लेज पार्क बनाने के लिए सरकार प्रति एकड़ के हिसाब से 50 लाख का लोन एक प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध कराएगी। योगी सरकार मुख्य मार्ग तक सड़क भी बना कर देगी, जिससे औद्योगिक प्लेज पार्क तक आने जाने का रास्ता आसान होगा।निजी औद्योगिक पार्क को विकसित करने के लिए योगी सरकार कई तरह की छूट और सुविधाएं भी मुहैया कराएगी। प्लेज पार्क का निर्माण इस प्रकार से होगा जिससे कई अलग–अलग तरह की कई कंपनियां संचालित हो सके। प्लेज पार्क में कई तरह की औद्योगिक इकाइयों को स्थापित किया जाएगा। यह अयोध्या के युवाओं और स्थानीय उद्यमियों को रोजगार और व्यापार के अवसर प्रदान करेगा।

# अधिवक्ता की पुश्तैनी जमीन पर भूमाफियाओं की नजर, पुलिस से शिकायत



हैदरगढ़ बाराबंकी(एजेंसी)। थाना लोनी कटरा क्षेत्र के बुढ़नापुर गांव निवासी एक अधिवक्ता ने गांव में स्थित एक जमीन पर राजधानी लखनऊ निवासी एक युवक पर बिना किसी प्रमाणित राजस्व दस्तावेज के जमीन कब्जा कर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाते हुए प्रभारी निरीक्षक को लिखित तहरीर दिया है। तहरीर मिलते ही मुकामी पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक सुनील कुमार पाण्डेय पुत्र राम सरन पाण्डेय बुढ़नापुर गांव के निवासी है जो पेशे से अधिवक्ता है। पुलिस को दिए गए तहरीर में अधिवक्ता का कहना है कि गाटा संख्या 84 भूखण्ड सख्या 105 जो आबादी की जमीन है, जिस पर मेरा पुशतैनी माकान बना हुआ है। घर के बाहर सहन पर आफिस (चौबंर) व उसी के बगल गाय बांधने का पशु टीन सेड़ भी बना रखा है, इसके अलावा 24 फिट लंबी दीवार सहन के बगल सरहद पर मौजूद है। अधिवक्ता सुनील ने बताया कि हमारे घर के बगल स्थित एक खण्डहर नुमा जमीन बीते लगभग 40 वर्षो से पड़ी हुई। बुजुर्ग ग्रामवासियों द्वारा बताया जाता है कि उक्त जमीन का मालिकाना हक गोकुल श्रीवास्तव का है जिनकी मृत्यु बीते कई वर्षो पूर्व हो चुकी थी। पति की मौत के बाद पत्नी की भी मौत हो गई थी। मृतक दंपति का कोई वारिस ना होने के नाते घर में कोई रहने वाला नही बचा, लिहाजा भवन धीरे–धीरे खण्ड़हर में तब्दील हो गया। पीड़ित ने आगे बताया कि हाल ही में विपक्षी सियाराम विश्वकर्मा पुत्र स्व. पुत्तू व उनके पुत्र संतोष निवासी हसनपुर खेवली थाना सुशांत गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ बुढ़नापुर गांव आए और कुछ ग्रामीणों का सहारा लेकर उक्त खण्ड़हर पड़ी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कराना शुरू कर दिया। पीडित ने आगे बताया कि विपक्षीजनो के पास न तो जमीन के कोई कागजात है और न ही मृतक के कोई रिश्तेदार है। इसके बावजूद दबंग विपक्षी जमीन पर कब्जा कर रहे है, साथ ही गांव के अन्य भोले–भाले लोगो की जमीन पर भी अवैध कब्जा करने की फिराक में है और विरोध करने पर महिलाओ के समक्ष गाली गलौच और अभद्र व्यवहार करते है। पीड़ित का यह भी कहना था कि उक्त विपक्षी लोगो के खिलाफ पूर्व में भी मुकामी थाने पर पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। वही उक्त पूरे प्रकरण को लेकर प्रभारी निरीक्षक दोमित्र सेन से वार्ता किया गया तो उनका कहना था प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुआ है दोनो पक्षो को राजस्व दस्तावेज के साथ थाने पर बुलाया गया है, जांच पडताल कर दोषी के विरूद्व वैधनिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# देश की उन्नति के लिए बच्चों का शिक्षित होना जरूरीः आदित्य

बाराबंकी(एजेंसी)। बच्चों के लिए पढ़ाई–लिखाई, खेल–कूद जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है फिल्में देखना भी। बच्चों पर बनी फिल्मों को देखने से आपके बच्चे बिगड़ेंगे नहीं। बल्कि इन फिल्मों से तो उन्हें शिक्षा मिलेगी और बहुत कुछ सीखने को मिलगा। यह बात रविवार को फिल्म निर्माता, समाजसेवक और तेलुगु फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता आदित्य ओम ने गांधी भवन में नौनिहालों को गर्म कपड़े बांटने के दौरान कही। श्री ओम सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं। उनके पिता स्व. रमाशंकर सिंह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रहे है। 80 के दशक में बाराबंकी में एडीएम रहते हुए उन्होनें कई सराहनीय कार्य किए। पिता की बताई सीख को आत्मसात करते हुए श्री ओम ने तेलंगाना में चेरूपल्ली व आंध्रा में चार गांव को गोद ले रखा हैं। वह अपने एनजीओ 'एडुलाइटमेंट' के तहत पिछले दो दशक से साथ शैक्षिक सुधारों के लिए भी काम कर रहे हैं। उन्होंने सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर फिल्मों का निर्माण व निर्देशन कर फिल्म जगत में अपनी अलग पहचान बनाई हैं। आदित्य ओम के निर्देशन में शिक्षा तंत्र पर आधारित हिंदी फिल्म 'मास्साब' को लेकर चर्चा में रही, जिस फिल्म ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में 48 पुरस्कार जीते हैं। आदित्य ओम बताते हैं कि कुछ वर्ष पहले बच्चों पर बनी फिल्म 'मास्साब' प्राथमिक शिक्षा पर आधारित है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को लेकर क्या माहौल है, वहां शिक्षा को लेकर क्या समस्याएं हैं, शिक्षा को लेकर क्या चुनौतियां आती हैं।

# लखणधर त्रिपाठी बने चाणक्य परिषद के अध्यक्ष

## -चाणक्य परिषद का स्थापना दिवस 14 जनवरी को भरत कुंड में



अयोध्या (एजेंसी)।कामाख्या धाम रुदौली में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक में अयोध्या जिले का गठन किया गया और आगामी 14 जनवरी को भरत की तपोस्थली भरतकुंड मे परिषद का 31वां स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मत से संरक्षक इंद्रेश कौशिक मां कामाख्या धाम महंत जिला अध्यक्ष लखणधर त्रिपाठी बनाए गए। बैठक में उपस्थित महंत इंद्रेश कौशिक ने ब्राह्मणों को संस्कारवान और एकजुट होने के साथ एक दूसरे की बुराई न करने का संकल्प दिलाया और कहां की अब ब्रह्मण ना बाटेंगे न कटेंगे अब डटेंगे परिषद का स्थापना दिवस दिव्य भव्य और नव्य मनाने मे हर तरह के सहयोग देने का संकल्प लिया। सेवानिवृत जीएसटी कमिश्नर इंद्र प्रकाश तिवारी ने ब्राह्मणों कोअपने बच्चो को व्यवसाय से जोडने के साथ फिजूल खर्ची से बचने बचत कर एकजुट और ऊर्जावान होने के साथ अपने भाइयों का सहयोग करने की अपील किया।कार्यक्रम को दिल्ली से आए डाक्टर विजय तिवारी द्वारिका प्रसाद पांडे, विनोद तिवारी भगवान बहादुर शुक्ला अनिल कुमार तिवारी कैप्टन हनुमान दत्त मिश्र सनातनी अमर तिवारी विक्रमाजीत तिवारी उमाशंकर तिवारी दुर्गा प्रसाद मिश्र शिव बहादुर दुबे संरक्षक आदि ने संबोधित करके 14 जनवरी के स्थापना दिवस को दिव्य भव्य और नव्य बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृप निधन तिवारी के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष लखणधर त्रिपाठी उपाध्यक्ष विनोद तिवारी उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद पांडे महामंत्री श्री प्रकाश पाठक मंत्री ओमप्रकाश पांडे रज्जू संगठन मंत्री विक्रमाजीत तिवारी कोषाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, लेखा परीक्षा कैप्टन हनुमान दत्त मिश्र प्रवक्ता दुर्गा प्रसाद मिश्र एडवोकेट सदस्य राजकुमार तिवारी सरल जगदीश चंद्र मिश्र देवेंद्र पांडे अंजना अश्वनी तिवारी सीता शरण पांडे एडवोकेट भगवान बहादुर शुक्ल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कृत डॉ राम तेज पांडे ने परिषद की पत्रिका चाणक्य धारा के प्रकाशन में सहयोग के लिए लेखन सामग्री देने का अपील किया।

# भाजपा नेता के माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष बनने पर हुआ स्वागत

अयोध्या (एजेंसी)। माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुट का 20 वीं बार जिलाध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह का भाजपा नेताओं ने लड्डू खिला कर तथा पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुट के प्रदेश सम्मेलन में शनिवार को उन्हें 20 वीं बार शिक्षक संघ का जिलाध्यक्ष चुना गया था।



भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कमला शंकर पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक को हम पथ प्रदर्शक के रुप में देखते है। छात्रों के भविष्य का निर्माणकर्ता शिक्षक ही होता है। शिक्षको की समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर दूर होनी चाहिए। जिससे उसका पूरा फोकस शिक्षण पर रहे। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि माध्यमिक शिक्षको की अपेक्षाओं पर खरा उतरना व उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने को प्राथमिकता दी जाती है। सामूहिकता के आधार निर्णय लिया जाता है। शिक्षकों की आवाज को उठाने का लगातार काम किया जा रहा है। इस कारण से लगातार शिक्षको का मिल रहा समर्थन इसका परिचायक है। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री, जिला पंचायत सदस्य इंद्रभान सिंह, दिवाकर सिंह, कर्मवीर सिंह, सौरभ गुप्ता, नीरज ओझा, लालू, राजेश सिंह, खालिद कुरैशी डाबर सहित शामिल रहे।

# दक्षिण से गहरा तथा उत्तर से व्योम है हिंदुस्तान अपना संपूर्ण ओम है...



रामनगर बाराबंकी(एजेंसी)। महादेवा महोत्सव के तीसरे दिन संस्कृतिक पंडाल में क्षेत्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्रीय कवियों ने अपनी रचनाएं सुनाकर लोगों की मंत्र मुग्ध किया। अमरीश अंबर की अध्यक्षता व रवि रुद्रांश के संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन का मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख, नायब तहसीलदार, बीडीओ व हनुमानगढ़ी अयोध्या के संत बाबा सौरभ दास ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत युवा कवित्री अंकिता शुक्ला ने वाणी वंदना हे हंस वाहिनी ज्ञान दायिनी करुणामई माता मां तेरे बिन चौन न आता से किया। अमरीश अंबर ने देश की महिमा का बखान करते हुए यह कहा दक्षिण से गहरा तथा उत्तर से व्योम है हिंदुस्तान अपना संपूर्ण ओम है। डॉ सरमेश शर्मा ने हास्य पैरोडी सुनाकर श्रोताओं को हंसने पर मजबूर कर दिया। हाय हाय मोदी योगी कब जीत हमारी होगी यह चिंता मुझे सताए तुम दोनों के चक्कर में मेरा ब्याह नहीं हो पाए।मनोज मिश्र सीत ने यह कहा मेला महादेवा महोत्सव है भारी प्रशासन मुस्तैद अमला जुटा सरकारी। हरिहर दत्त पांडे ने देश से गद्दारी करने वालों पर पढ़ी गई इस कविता पर पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। विषैले तक्षकों से कब यहां प्यार होता है करे जो खून मानवता का सदा गद्दार होता है। कबि प्रमोद पंकज ने अपने युवा अंदाज में कुछ यूं कहा नई–नई साड़ी मुझे लाकर दो बनारस से करवा चौथ मनाने मैं चांद पर जाऊंगी। रणधीर सिंह ने महादेव की पावन भूमि पर कुछ यूं कहा यह धरा परिजातों की है जो दींन हीन शोसित। आकाश सुमन की इस कविता को खूब सराहा महादेवा की सड़कों पर हम झूमें हैं हर हर बम बम बोल सभी हम झूमें हैं। लोधेश्वर महादेव का है आशीष मुझे माता–पिता के चरणों को हम चूमे हैं। कवित्री सुधा सिंह की इन पंक्तियों को श्रोताओं ने खूब सराहा दिल की नगरी मेरी जगमगाने लगी तेरे कदमों की आहट जगाने लगी। इसके अलावा जगन्नाथ निर्दोष सुनील झंझटी आकाश उमंग सहित क्षेत्रीय युवा कवियों ने अपनी काव्य रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा राजेश त्रिवेदी सहित तमाम गणमान्य श्रोता मौजूद रहे।



# दीया मिर्जा की पहली फिल्म दुबारा रिलीज

nhया मिर्जा बॉलीवुड की खूबसूरत और टैलेंटेड हीरोइनों में से एक हैं। हाल ही में उनकी पहली फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' दोबारा रिलीज हुई, जिस पर ऑडियंस ने खूब प्यार लुटाया। इस बीच दीया मिर्जा ने कहा कि अगर उनकी सलमान खान के साथ फिल्म 'तुमको ना भूल पाएंगे' फिर से थिएटर्स में दस्तक देती है, तो उसे भी दर्शकों से बहुत प्यार मिल सकता है। एक इंटरव्यू के दौरान दीया ने सलमान के साथ काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया। उन्होंने बताया कि किस तरह सलमान खान सेट पर उनकी केयर करते थे क्योंकि वह फिल्म इंडस्ट्री में नई थीं।

एक इंटरव्यू में दीया मिर्जा ने 'तुमको ना भूल पाएंगे' फिल्म की शूटिंग को लेकर बात की। दीया मिर्जा ने राजस्थान में सलमान खान के साथ शूटिंग का एक्सपीरियंस शेयर किया, जहां सैकड़ों लोग उन्हें घेर लेते थे, लेकिन सलमान ने सुनिश्चित किया कि दीया सेफ रहें। दीया मिर्जा ने बताया, 'आजकल सेट पर जो जेंडर बैलेंस दिखता है, वो उन दिनों में नहीं था। जब तक सेट पर महिला डांसर नहीं होती थीं, वहां मुश्किल से ही महिलाएं होती थीं। यह एक पुरुष–प्रधान जगह थी। मुझे याद है कि सलमान बहुत ही प्रोटेक्टिव और बहुत ही केयर करने वाले थे।' उन्होंने बताया, 'हम राजस्थान में बिंदिया चमके चूड़ी खनके गाने की शूटिंग कर रहे थे। एक दिन जब हम वापस आ रहे थे, सैकड़ों लोग हमारा पीछा कर रहे थे। वे चिल्ला रहे थे और सीटी बजा रहे थे और यह काफी ज्यादा था। सलमान और मुझे सिक्योरिटी के साथ एक कार में भेजा गया ताकि हम सुरक्षित रहें क्योंकि जहां हम शूटिंग कर रहे थे, वह जगह बहुत भीड़भाड़ वाली थी। मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी कि उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मुझे पहले कार में बिठाया जाए। ¼fgQh½

# राशि खन्ना आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय सेलिब्रिटी की साप्ताहिक लिस्ट में बनाई अपनी जगह

राशि खन्ना ने इस सप्ताह आईएमडीबी की ट्रेंडिंग सूची में स्थान हासिल करके एक बार फिर अपना पैन इंडिया स्टारडम साबित किया है। यह प्रतिष्ठित फीचर वैश्विक स्तर पर धूम मचाने वाले भारतीय सितारों को उजागर करता है, जो अभिनेताओं, निर्देशकों, लेखकों और अन्य को उनके प्रभाव और अपील के लिए मान्यता देती हैं। राशि का सूची में शामिल होना उनकी बढ़ती लोकप्रियता और दर्शकों से मिली प्रशंसा को दर्शाता है। उन्होंने हाल ही में द साबरमती रिपोर्ट में निडर पत्रकार अमृता गिल की भूमिका निभाते हुए एक शक्तिशाली प्रदर्शन किया। राशी के दिलचस्प चित्रण को दर्शकों और आलोचकों से व्यापक प्रशंसा मिली, जिससे एक बहुमुखी कलाकार के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हो गई।



विक्रांत मैसी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए, जिन्होंने एक पत्रकार की भूमिका भी निभाई, उनकी ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री ने फिल्म की मनोरंजक कहानी में गहराई जोड़ दी। गोधरा के पास साबरमती एक्सप्रेस घटना के आसपास की दुखद घटनाओं पर आधारित, यह फिल्म इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय पर प्रकाश डालती है, जिसमें राशी का प्रदर्शन एक आकर्षण के रूप में सामने आता है। इसके अलावा राशि अपनी आगामी फिल्म तलाखों में एक में विक्रांत मैसी के साथ फिर से जुडने के लिए तैयार है, जो एक और आकर्षक सहयोग होने का वादा करती है।

इसके अतिरिक्त, वह अपनी तेलुगु फिल्म तेलुसु कड़ा की रिलीज के लिए तैयारी कर रही हैं। आईएमडीबी की ट्रेंडिंग सूची में राशी की उपस्थिति न केवल उनकी अपार प्रतिभा को रेखांकित करती है, बल्कि उन्हें भारतीय मनोरंजन परिदृश्य में सबसे अधिक मांग वाले सितारों में से एक के रूप में भी चिह्नित करती है।

# जेलर 2 के प्रोमो शूट से पहले रजनीकांत का धमाका, ब्रेकिंग बैड से इंस्पायर्ड पोस्टर किए रिलीज



हैदराबादरू रजनीकांत की जेलर 2 मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है और हो भी क्यों ना जेलर ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था. सीक्वल के लिए अनुमानित प्रोमो शूट से पहले, प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने अब जेलर कलाकारों के लिए शानदार पोस्टरों की एक सीरीज को लॉन्च किया है, जो हिट अमेरिकी नेटफ्लिक्स सीरीज ब्रेकिंग बैड से प्रेरित है.

पोस्टर्स दिखने में वाकई कमाल के लग रहे हैं पोस्टर पर टैगलाइन लिखी है मैं खतरे में नहीं हूं मैं खतरा हूं अन्य पोस्टर्स में उनके को–एक्टर्स और मोहनलाल, शिवराजकुमार, जैकी श्रॉफ और विनायकन के किलर पोज जबरदस्त लग रहे हैं रिपोर्ट्स के मुताबिक नेल्सन दिलीपकुमार 5 दिसंबर को सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म का प्रोमो शूट करने की योजना बना रहे हैं रिपोर्ट्स के मुताबिक नया प्रोमो रजनीकांत के 74 वें जन्मदिन पर रिलीज किया जाएगा. प्रोमो शूट चेन्नई में होने की उम्मीद है हालांकि फैंस यह जानने के लिए उत्सुक है कि प्रोमो में वास्तव में क्या होगा. नेल्सन दिलीपकुमार की 2023 की ब्लॉकबस्टर जेलर ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे साथ ही फिल्म दर्शकों और क्रिटीक्स को काफी पसंद आई थी. रिपोर्ट्स के मुताबिक रजनीकांत के पूर्व दामाद धनुष से सीक्वल में एक अहम रोल के लिए कॉन्टैक्ट किया गया है हालांकि ऑफिशियल पुष्टि अभी बाकी है जेलर 2 रजनीकांत की सुपर–हिट 2023 क्राइम–थ्रिलर जेलर का सीक्वल है एक्टर ने फिल्म में एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी की भूमिका निभाई. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परफॉर्म करते हुए दुनियाभर में 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया. जो तमिलनाडु समेत सुपरस्टार के लंबे करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई. फिल्म में थलाइवा के साथ मोहनलाल, शिवा राजकुमार, राम्या कृष्णन, जैकी श्रॉफ, तमन्ना भाटिया, योगी बाबू और वसंत रवि जैसे कलाकार शामिल हैं.

००

# शिल्पा व राजकुंद्रा के कई डिवाइस सीज

Çवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 29 नवम्बर को एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के मुंबई स्थित बंगले और ऑफिस में छापेमारी की। इसके अलावा, ईडी ने महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के 15 जगहों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में ईडी अधिकारियों डिजिटल और इलेक्ट्रोनिक डिवाइस को सीज किया, जोकि पोर्नोग्राफी मामले से जुड़े हैं। इसके अलावा उनके कुछ बैंक अकाउंट को भी फ्रीज कर दिया। यह छापेमारी उनके खिलाफ पोर्नोग्राफी नेटवर्क मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में की गई। राज कुंद्रा को जून 2021 में कथित तौर पर अश्लील फिल्में बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाद में दो महीने जेल में बिताने के बाद उन्हें सितंबर 2021 में जमानत मिल गई। इसके बाद से इस मामले की जांच चल रही है। ईडी ने कुछ आरोपियों के बैंक खाते को फ्रीज किया है। वह अब इन खातों से पैसों को लेनदेन नहीं कर सकते हैं। ईडी की टीम ने मुंबई लखनऊ और प्रयागराज से संयुक्त रूप से छापेमारी की।



ईडी के सूत्र के मुताबिक, कठकुइयां के रोहित चौरसिया को नोटिस जारी कर 4 दिसंबर को मुंबई ईडी कार्यालय में तलब किया गया है। रोहित चौरसिया होगी विस्तार से पूछताछ होगी। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा से जुड़े मामले में सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई हुई पूरी लेकिन तफ्तीश जारी है। उत्तरप्रदेश के कुशीनगर में रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है जांच एजेंसी के रडार पर हैं। विस्तार से पूछताछ के बाद उनके खिलाफ आज बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

जांच एजेंसी के रडार पर अरविंद श्रीवास्तव और उससे जुड़े कई लोग भी हैं। अरविंद श्रीवास्तव मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर इलाके का रहने वाला है। कानपुर में ईडी ने श्यामनगर में अरविंद श्रीवास्तव के घर में छापेमारी की थी। पिछले काफी समय से सिंगापुर में रह रहा अरविंद ही कुंद्रा का प्रोडक्शन हाउस संभालता था। सूत्र के मुताबिक आरोप है कि अश्लील फिल्मों की करोड़ों रुपये की काली कमाई खपाने को अरविंद श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी व पिता के बैंक खातों का प्रयोग किया। ईडी ने राज कुंद्रा के सहयोगियों के घरों पर भी छापेमारी की और कुशीनगर से एक सॉफ्टवेयर के यहां भी सर्च ऑपरेशनल चलाया गया। कुशीनगर स्थित पडरौना की राजपूत कालोनी व कुबेरस्थान के कठकुइयां में दो संदिग्धों से 12 घंटे पूछताछ चली। हालांकि इस मामले में जांच एजेंसी के सूत्र का कहना है कि तफ्तीश जारी है। ¼fgQh½



# प्रियंका चोपड़ा का सात साल की उम्र से ही छूट गया था बाबुल

fÇयंका चोपड़ा आज नहीं 7 साल की उम्र से घर से दूर हैं। एक वक्त था कि वो बेटी की याद में मां मधु चोपड़ा उसके पास दौड़ी चली जाती थी, लेकिन अब बेटी के पास जाने के लिए उन्हें प्लानिंग करनी पड़ती है। हाल ही में मधु चोपड़ा ने अपने उस फैसले के बारे में जिक्र किया, जिसका उन्हें आज भी पछतावा होता है।

दरअसल, मधु चोपड़ा 'समथिंग बिगर टॉक शो' पॉडकास्ट के होस्ट रोड्रिगो कैनेलस के साथ बातचीत कर रही थीं। उन्होंने बताया कि बेटी प्रियंका को सात साल की उम्र में बोर्डिंग स्कूल भेज दिया था, जिसको लेकर उन्हें आज भी अफसोस होता है। प्रियंका चोपड़ा अपनी मां मधु चोपड़ा के बेहद करीब हैं। दोनों अक्सर एक–दूसरे के लिए पोस्ट शेयर करती रही हैं। मां से भले प्रियंका दूर हैं, लेकिन दोनों का बॉन्ड इसी से पता चलती है कि हर बात में दोनों एक दूसरे का जिक्र करती हैं। मधु चोपड़ा ने कहा कि उनका यह फैसला गर्व और अफसोस दोनों से भरा है। हालांकि, यह एक अफसोसजनक फैसला था, लेकिन प्रियंका ठीक निकलीं और वह अपने पैरों पर खड़ी हो गईं। मधु के इस फैसले से हालांकि उनके पति और एक्ट्रेस के पापा भी खुश नहीं थे। इस फैसले से उनके रिश्ते में तनाव पैदा हो गया था। उन्होंने बताया कि मेरे लिए, यह उसके बेहतर होने के लिए था। मुझे लगा कि मैं एक माता–पिता के रूप में असफल हो रही हूं। वह एक अच्छी छात्रा थी, इसलिए हम उसे स्कूल, ला मार्टिनियर, लखनऊ ले गए। उसने एंट्रेंस दिया और पास हो गई। हमें कॉल आया, और फिर मैंने अपने पति को बताया। वह इस बात से परेशान थे, हमारे बीच एक साल तक सामान्य बातचीत नहीं हुई लेकिन उन्होंने मेरे से कहा, 'फैसला आपका, नतीजा आपका।'

# ब्लैक आउटफिट पहन नेहा मलिक ने दिखाया बोल्ड अवतार, भोजपुरी क्वीन की हाटनेस देख फैंस के उड़े होश

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा बढ़ाती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट किलर फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।



एक्ट्रेस नेहा मलिक सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करती है तो वो तेजी से वायरल होने लगती है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस बेहद ही स्टनिंग लुक में पोज देती हुई एक से बढकर एक पोज देते हुए इंटरनेट का तापमान बढ़ा रही हैं।

नेहा मलिक की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर का बेहद ही स्टाइलिश जैकेट और ब्लैक पेंट पहना हुआ है।बालों की पोनीटेल बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने उनकी इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है– टू मच हॉट। दूसरे ने लिखा है– यू लुक सो गॉर्जिस। तीसरे यूजर ने लिखा है– लुकिंग गुड।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 04 दिसंबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


# राजस्व कर्मियों की जांच पर उठे सवाल

कोठी, बाराबंकी(एजेंसी)। करीब दस वर्षों से असंद्रा थाना क्षेत्र के अकोहरी गांव में दो पक्षों में विवादित सहन की भूमि का विवाद है। इसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित के आवेदन पर न्यायालय ने उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ से जांच रिपोर्ट तो तलब की है। मगर पीड़ित को राजस्व कर्मियों पर विपक्षी मिलीभगत से मिलकर गलत रिपोर्ट लगाने का अंदेशा है। पीड़ित का कहना है कि राजस्व कर्मियों ने उनसे मोटी रकम की डिमांड की जो मेरी हैसियत से काफी ज्यादा थी। उनकी मांग पूरी न होने पर राजस्वकर्मी गलत रिपोर्ट पेष कर न्यायालय को गुमराह कर सकते हैं। पीड़ित ने प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार, हैदरगढ़ तहसील तहत असंद्रा थाना क्षेत्र के अकोहरी गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र राजाराम का कहना है कि चकबंदी से पूर्व उसका सहन की जमीन पर कब्जा है। यहां मकान, कब्रिस्तान, नाला व देवस्थान है। मगर इसका विवाद करीब 10 साल से गांव निवासी गिरजा शंकर आदि से है। जिसका मामला न्यायालय अपर कलेक्ट्रेट न्यायिक बाराबंकी में विचाराधीन है। पीड़ित संतोष कुमार का कहना है कि इस वाद में वर्ष 2015 में तत्कालीन लेखपाल अमर बहादुर सिंह ने अपनी जांच रिपोर्ट में विवादित भूमि को उनके पक्ष में होना बताया। मगर वर्ष 2018 में पुनः लेखपाल द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट उनके विपक्ष में है। ऐसे में पीड़ित की मांग पर कोर्ट ने निष्पक्ष वाद निस्तारण हेतु क्षेत्रीय लेखपाल से पुनः रिपोर्ट तलब की। मगर पीड़ित संतोष कुमार का आरोप है कि राजस्वकर्मी विपक्षी गिरजा शंकर से मिलकर उसके विरोध में रिपोर्ट लगाने के प्रयास में है। क्योंकि उससे रूपयों मांग पर उसने इंनकार कर दिया। वह विपक्षी से मिलकर उसके विरुद्ध रिपोर्ट लगाने की धमकी दी इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल समेत अन्य उच्चाधिकारियों को की। वही दूसरी तरफ इस सम्बन्ध में राजस्व निरीक्षक का कहना था कि उपजिलाधिकारी के निर्देष पर मौके की जांच पड़ताल करने गया था रिपोर्ट तैयार कर ली गयी है उपजिलाधिकारी को भेज दी गयी है। उन्होने किसी भी तरह के लेन देन से इंकार किया है। यह तो आने वाला समय बतायेगा कि अगर उच्चाधिकारियों ने जमीनी हकीकत पर जाकर पड़ताल की तो सारी सच्चाई सामने आ जायेगी।

# मेला महोत्सव देवीगंज में हुआ धनुष भंग लीला का मंचन

सिद्धौर बाराबंकी।(एजेंसी) गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रविवार को मेला महोत्सव देवीगंज का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय रामलीला कलाकारों द्वारा धनुष भंग लीला का मंचन किया गया। देवीगंज मेला महोत्सव के प्रबंधक विवेकानंद शुक्ला ने भगवान राम, भ्राता लक्ष्मण और माता सीता की आरती कर मेले का शुभारंभ किया धनुष यज्ञ मेले में रामलीला कलाकारों ने रावण व बाणासुर आदि कई प्रसंगों का बहुत ही सुंदर ढंग से मंचन किया। करीब सौ वर्षों से लगातार देवीगंज में धनुष यज्ञ मेले का आयोजन होता आ रहा है। स्थानीय कलाकारों द्वारा बहुत सुंदर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान धनुष भंग, राम लक्ष्मण संवाद,राम सीता विवाह सहित आदि कई कार्यक्रमों का बहुत ही सुंदर मंचन किया गया।जिसे देखकर वहां मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। दर्शकों ने जय श्री राम के उदघोष के साथ रामलीला मंचन कर रहे कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। आसपास के कई गांव की सैकड़ों महिलाओं पुरुषों व बच्चों ने मेले का आनंद लिया। इस दौरान शिव मंदिर के पुजारी रामकुमार तिवारी, दिनेश बाजपेई, पंकज यज्ञसैनी, अवधेश शुक्ला, दुर्गेश त्रिवेदी सहित हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भोजपुरी लोकरंग गीत



## महोत्सव का दूसरा दिन संपन्न

बाराबंकी(एजेंसी)। दो दिवसीय भोजपुरी लोकरंग गीत महोत्सव का आयोजन सेठ जगदेव मेमोरियल सरदार रूप वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज इसरौली सेठ में किया गया। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तथा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के सहयोग द्वारा ननका चौरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित किया गया। प्रस्तुति स्वरोही डांस एंड म्यूजिक ग्रुप बाराबंकी के द्वारा की गई। धोबियाराग, बारहमासा, फगुनी गीतों पर सभी मंत्रमुग्ध हो गए।राम विवाह गारी, आदि गीतों से सभी भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेश पटेल ने की। स्वरोही डांस एंड म्यूजिक ग्रुप में प्रमुख कलाकारों पूजा पाण्डेय, विशाल पाण्डेय, राधा, प्रिया पटेल, रक्षपाल, स्नेहा, खुशबू, जस्सी वर्मा, स्वरोही पाण्डेय आदि। ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह के द्वारा सभी का सम्मान किया किया गया सभी कलाकारों को प्रमाण पत्र अंगवस्त्र भेंट किया, महिला कलाकारों का सम्मान ट्रस्ट की सचिव पूजा वर्मा ने किया। मंच संचालन कन्हैयालाल ने किया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा और आभार ज्ञापन कार्यक्रम की अध्यक्ष कर रहे समाजसेवी नागेश पटेल ने की। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, वंदना वर्मा, आनंद वर्मा, संदीप श्रीवास्तव, सपना वर्मा, रेखा वर्मा, रंजीता जायसवाल सहित समस्त छात्र छात्राओं और उनकी माताएं उपस्थिति रही।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पत्नी व पुत्री लापता, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

कोठी, बाराबंकी। 15 दिन पहले दो साल की बच्ची को लेकर घर से दवा लेने निकली विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित पति की शिकायत पर असंद्रा पुलिस ने रविवार तक कार्रवाई नहीं की। उसने पत्नी व पुत्री की हत्या कर शव फेंके जाने आशंका जाहिर की है। पुनः चार दिन पहले मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, असंद्रा थाना क्षेत्र के परवानीपुरवा मजरे भठिया गांव निवासी रंजीत रावत पुत्र मोहनलाल रावत का कहना है कि 14 नवंबर को पत्नी रामलली (26) पुत्र अंशु (5) को घर पर छोड़कर पुत्री प्रांसी (2) को साथ लेकर दवा लेने की बात कहकर घर से गई थी। मगर शाम तक वह घर नहीं लौट सकी। वह परेशान होने लगा। नात रिश्तेदारों में खोजना शुरू किया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। अगले दिन 15 नवंबर को इसकी शिकायत असंद्रा इंस्पेक्टर जेपी सिंह से की। पीड़ित कहना है कि असंद्रा पुलिस बीते 15 दिनों में कोई सहयोग नहीं किया। यहां तक जांच नहीं की।

# विश्व एड्स दिवस पर गोष्ठी कर निकली जागरूकता रैली

सोनभद्र(एजेंसी)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सांई हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज ऑफ नर्सिंग व फार्मेसी, सजौर, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में अध्ययनरत छात्र छात्राओं, अध्यापकगण, कर्मचारीयों के सहयोग से प्रबंध निदेशक डाव अनुपमा सिंह व डाव संजय कुमार सिंह की देख रेख में विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली को साई हॉस्पिटल से प्रबंध निदेशक डाव अनुपमा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छात्र–छात्राओं हाथ मे तख्तियां लिए हुए, साई हॉस्पिटल से कचहरी, महिला थाना, शीतला मंदिर मेंन चौक होते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर सभा के रूप में तब्दील हो गई। प्रबंध निदेशक डा0 अनुपमा सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष एक दिसम्बर को हम सभी जागरूकता रैली का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने का कार्य करते आ रहे हैं। भारत में एचआईबी का पहला मामला 1986 में सामने आया । एड्स एचआईबी संक्रमित मरीज को बुखार, ठंड लगना, गले में खराश, मांस पेशियों में दर्द, शरीर पर चकत्ते होना, रात को पसीना आना, थकान, जोड़ो में दर्द होता है। एड्स संक्रमित मरीज अपनी पूरी लाइफ जी सकता है। इस बात की जागरूकता जगाना , कम्युनिटी स्तर पर, गांव मोहल्लों में लोगों को बताना होगा। 2024 की थीम है 'सही रास्ता अपनाए, मेरा स्वास्थ, मेरा अधिकार!' ये थीम हमें बताती है कि हर एड्सध्एचआईबी संक्रमित इंसान का अधिकार है कि उसे सही इलाज, देखभाल, सेवा और बचाव का तरीका मिले। एड्स की सही जानकारी लोगो में ना होने तथा संक्रमित मरीज के प्रति भेद भाव करने के कारण इंसान की जिंदगी नर्क के समान हो जाती है। इसलिए रोगी के प्रति भेद भाव ना करके उन्हें इस रोग से बचाव का रास्ता मिल सकता हैं। संक्रमित इंसान के साथ उठने बैठने, साथ खाने पीने, से बिल्कुल नहीं फैलता है। इस रोग के प्रति सबसे जरूरी और अहम बात यह है कि सोशल मीडिया, फेस बुक, इंस्टाग्राम, वाट्स ग्रुप के साथ साथ कम्युनिटी स्तर पर लोगों को जागरुक किया जाए। रैली को प्रिंसिपल अंजलिन वेट्टी, प्रोव शिवकांत शर्मा, रागिनी श्रीवास्तव, दिव्यांशी बोस, ने संबोधित किए। सभी अध्यापकगण सहयोगी कर्मचारीयों ने रैली को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग किया।

# अवधूत भगवान राम महाविद्यालय में बही कविताओं की रसधार

**0 तालियो की गड़गड़ाहट और ठहाकों से गूंजता रहा पंडाल**

सोनभद्र(एजेंसी)। अवधूत भगवान राम महाविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देर रात तक सभागार कवियों की विभिन्न विधा की कविताओं पर कभी तालियो की गड़गड़ाहट तो कभी कहकहे से गूंजता रहा। इटावा से आए ओज कवि कमलेश शर्मा ने रामचंद्र जी की प्रामाणिकता पर सवाल उठाने वालों को करारा जवाब देते हुए ललकार भरा, जो कर रहे हैं राम की निंदा वह अब तक है कैसे जिंदा उनके हर एक शब्दों पर पंडाल से तालियो की बौछार होती रही। ग्वालियर से आए गीत गजल के प्रख्यात कवि राज बहादुर राज ने बादल कब बरसोगे कविता पढ़ कर वाहवाही लूटी, उन्होंने पढ़ा भवरे भी अब गीत बिरह का गाते फिरते हैं, चंचल तितली की आंखों से अब आंसू गिरते हैं, प्रीत रीत की टूट जाएगी तब बरसों गे बादल कब बरसोगे.. इससे पूर्व कवयित्री विभा शुक्ला ने वाणी वंदना से कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। सतना से आए हास्य कवि रवि शंकर चतुर्वेदी ने माइक पढ़ते ही अपने हाव–भाव और शब्दों से उपस्थित श्रोताओं को गुदगुदाना शुरू कर दिया उनके एक–एक शब्दों पर लोग लोटपोट होते रहे, कभी ठहाके तो कभी तालितो से उनका खैरमकदम होता रहा। उन्होंने पढ़ा हिंदी में इंग्लिश का पर्चा अजब करते हैं बाबूजी। जौनपुर से आए कवि अमृत प्रकाश ने बंद पढ़कर उपस्थित श्रोताओं की तालियां बटोरी। वाराणसी से आई हुई कवयित्री विभा शुक्ला ने अपने श्रृंगार रस से आए हुए श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया, उन्होंने पढ़ा ए कान्हा हम तेरी याद में हद से गुजर गई, जीती थी तेरी याद में तेरी याद में ही मर गई। राजस्थान से आए हुए हास्य और व्यंग्य के प्रसिद्ध कवि अरविंद पोटा ने अपने व्यंग्य के बाणों से लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। ओज और यथार्थ के सशक्त हस्ताक्षर कवि दिनेश दिनकर ने अपने कटाक्षों से समाज के यथार्थ को कविता के माध्यम से लोगों के सम्मुख पेश किया। उन्होंने पढ़ा नदिया सुखे, सागर सुखे पर आंख सुख न पाएगी,जिस दिन सूख जाएंगे आंसू यह कविता भी मर जाएगी। जिसे उपस्थित श्रोताओं ने जोरदार तालितो से सम्मान दिया। प्राचार्य डॉक्टर अजय विक्रम सिंह ने अपनी स्वरचित कविताओं से ऐसा समा बाधा कि लोग उनके हरफनमौला व्यक्तित्व के कायल हो गए। देश की मुफलिसी, भूख, बेचारगी और लाचारगी को दर्शाते हुए राष्ट्रवादी कवि कमलेश राजहंस ने जब कविताएं पढ़ना शुरू की तो लोगों की आंखें आंसुओं से भीग गई। उन्होंने अपनी कविताओं से भूख की वेदना और उससे तड़पते मां बेटे और बहन भाइयों की वेदनाएं सुना कर देश के मुफलिसी की दास्तान का जीवंत खाका खींचा। उन्होंने अपने शानदार संचालन से लोगों को देर रात तक पंडाल में बैठने पर मजबूर कर दिया। ओमप्रकाश ने कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए अपने यथार्थ गीतों से लोगों को सोचने पर मजबूर किया। गौतम मेरठी ने अपने कविता के माध्यम से हिंदू मुस्लिम एकता पर जोर दिया। इससे पूर्व सीओ पिपरी अमित कुमार, वरिष्ठ पत्रकार राहुल श्रीवास्तव, विजय शंकर चतुर्वेदी, अवधूत भगवान राम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अजय विक्रम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार ने श्रृंगार रस से संबंधित कुछ मुक्तक पढ़कर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। बताते चलें कि यह काव्य निशा ऊर्जांचल प्रेस क्लब अनपरा के गठन के प्रथम वर्षगांठ पर अवधूत भगवान राम महाविद्यालय और प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। कमेटी द्वारा प्रेस क्लब के अध्यक्ष आरपी सिंह को प्रथम ऊर्जा गौरव सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर व्यवसायी अरविंद कुमार सिंह, समाजसेवी प्रदीप राय, गौरव खंडेलवाल, दिलीप मिश्रा, सत्यांश शेखर मिश्रा, फिरतू राम यादव, प्रभा शंकर मिश्र, गोपाल गुप्ता गोपाल चौरसिया, डॉ प्रीति मौर्या, डॉ अजय सिंह, पवन अग्रवाल, सुमित गुप्ता, रंग बहादुर यादव, नीलकंठ तिवारी आदि मौजूद रहे। धन्यवाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष आरपी सिंह ने ज्ञापित किया।

# संगठन पर्व पारस्परिक समन्वय व प्रेम से सम्पन्न हो: कौशलेन्द्र पटेल




चित्रकूट(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व अभियान के मण्डल अध्यक्ष चुनाव की जिला कार्यशाला जिला पंचायत सभागार में बतौर मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी पूर्व प्रदेश मंत्री कौशलेंद्र पटेल व विशिष्ट अतिथि जिला सदस्यता सत्यापन प्रभारी ब्रजकिशोर गुप्ता की मौजूदगी में संपन्न हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने की।जिला चुनाव अधिकारी कौशलेन्द्र पटेल ने कहा कि संगठन पर्व पारस्परिक समन्वय व प्रेम से सम्पन्न हो। निष्पक्ष व पारदर्शी रूप से होना चाहिए। योग्य कार्यकर्ताओ को पदों पर स्थापित कर यथोचित सम्मान मिले। लैंगिग समानता का संगठन गठन में विशेष ध्यान रहे। सामाजिक समीकरण के आधार पर समायोजन ज्यादा से ज्यादा करें। कहा कि गुटबाजी संगठन हित में ठीक नही होती है। भाजपा लोकतान्त्रिक मूल्यों की संरक्षक पार्टी है। सांगठनिक शक्ति के बल पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बने हैं। सत्यापन प्रभारी ने कहा कि भाजपा संगठन में सभी जाति वर्ग का समायोजन हो। सभी कार्यकर्ता उत्साह से संगठन पर्व में सक्रिय सहभाग करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मण्डल के प्रत्येक बूथ पर दो सक्रिय सदस्य बनाना है। इस दौरान जिला सदस्यता प्रमुख चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, दिनेश तिवारी, चन्द्रप्रकाश खरे, आलोक पांडेय, राघवेन्द्र सिंह, भागवत त्रिपाठी, शिवशंकर सिह, अर्जुन शुक्ला, हरिओम करवरिया, तीरथ तिवारी, आनन्द पटेल, अश्विनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, अंजू वर्मा, पंकज अग्रवाल, हीरो मिश्रा, देव त्रिपाठी, सुशील द्विवेदी, गंगाधर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन करने के लिए किया प्रेरित

**–नियमों के उल्लंघन पर 7757 वाहनो पर हुई कार्रवाई**

चित्रकूट(एजेंसी)। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस एवं नागरिक पुलिस ने आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ ही 506 दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर यात्रा करने, 5016 वाहनों पर बिना हेलमेट, 46 वाहनों का यात्रा के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग करने, 480 चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट नहीं लगाए जाने पर, 198 वाहनों का नाबालिग द्वारा बिना लाइसेंस चलाने पर, 127 वाहनों का बिना पंजीकरण, 403 वाहनों का दोषपूर्ण नंबर प्लेट, 505 वाहनों का बिना परमिट, बीमा, 12 वाहनों का ओवर स्पीड, 35 वाहनों का गलत दिशा में वाहन चलाने, 81 वाहनों का ड्रंकन ड्राइव एवं 66 वाहनों का क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर एमवी एक्ट की धाराओं में कुल 7757 वाहनों से 1,59,88,800 रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी। 45 वाहन सीज किए गए। 7 वाहन चालकों के लाइसेंस जब्त हुए है। साथ ही लोगों प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे जनपद मे होने वाली सड़क दुर्घटना विगत वर्ष यातायात माह नवंबर में की गई प्रवर्तन कार्यवाही में 5030 वाहनों से अधिरोपित जुर्माना 84,06,900 एवं जब्त किए गए 25 वाहन सीज के सापेक्ष यातायात माह नवंबर 2024 में किए गए कुल चालान 7757 एवं अधिरोपित जुर्माना 1,59,88,800 रुपए तथा 45 वाहन सीज करते हुए एवं 7 वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए जब्त किए गए।




# चोरी का खुलासा, जेवरात के साथ दो चोर गिरफ्तार

चित्रकूट(एजेंसी)। एसपी के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने को अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के तहत प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में थाना पुलिस ने ग्राम सुरसेन में हुयी चोरी की घटना का खुलासा करते हुये दो चोरों को चोरी के जेवरात के साथ गिरफ्तार किया है।बताया गया कि पांच अगस्त को मो. शरीफ पुत्र मो. स्लाम निवासी सुरसेन ने थाना सरधुवा में सूचना दी कि अज्ञात चोरों ने उनके घर में सेंध लगाकर लोहे की आलमारी में रखे जेवर चोरी कर ले गए हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। घटना के अनावरण को एसआई मुन्नीलाल ने टीम के साथ 30 नवम्बर को मुखबिर की सूचना पर मुकेश उर्फ बकोली पुत्र दुखई व सतीश उर्फ बन्टा उर्फ बन्टोली पुत्र रामलोटन उर्फ फटीचर निवासी ग्राम वैशकाटी थाना करारी जनपद कौशाम्बी को पयस्वनी नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया है।

# हैंडपम्प मरम्मत, सड़क पर मोरंग डालने में भ्रष्टाचार का आरोप

चित्रकूट(एजेंसी)। अरवारा गांव निवासी रामनरेश, राकेश, दिनेश, रामपाल आदि ने डीएम को लिखे पत्र में भुगतान की प्रतिलिपि संलग्न कर बताया कि गांव में हैंडपंप मरम्मत व सडक पर मौरंग डालने का काम कागज पर हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य वित्त योजना से हैंडपंप मरम्मत के लिए 18 सितंबर के पहले 24 हजार 367 और दूसरा भुगतान 38 हजार 26 रुपये का एक फर्म को किया गया। इसके बाद 4 नवंबर को इसी फर्म को 63 हजार व एक लाख सात हजार 129 के दो भुगतान किये गये हैं। यह सब एक जनसेवा केंद्र से हुआ है।

# आंखों में पट्टी बांध जादूगर ने चलाई बाइक

चित्रकूट(एजेंसी)। मऊ कस्बे में जादूगर ज्ञानेंद्र भार्गव ने ऑखों में पट्टी बांधकर तीन किमी तक बाइक चलाने का करतब दिखाया। उन्होंने कला के माध्यम से कई अन्य कलाओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान सडक के दोनों ओर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटी रही। कस्बे में जादूगर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जादू एक कला है। अंधविश्वास से सभी को बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि जादू के माध्यम से नशा मुक्त, भ्रूण हत्या व दहेज के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संदेश दिया जाता है।

# चोर काट ले गए 11 हजार हाई वोल्ट तार

दुद्धी,सोनभद्र(एजेंसी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जपला गाँव के पास चोरों ने सफाई के साथ 11 हजार हाई वोल्ट तार पर अपना हाथ साफ कर लिया। लोगों की इसकी भनक तब लगी जब कई गावों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीणों ने 500–700 मीटर तार काट कर ले जाने की सूचना बिजली विभाग को दी। सूचना मिलते ही सक्रिय हुए बिजली विभाग के जेई एवं अन्य कर्मचारियों ने वस्तु स्थिति का जायजा लिया। 11 हजार बिजली की तार चोरी की घटना देख बिजली विभाग के कर्मचारी भी दंग रह गए। चोरों ने जिस तरह से बिजली की तार काट ले गए उसे देख हर कोई आश्चर्यचकित हो रहें है और लोग इस तरह की चोरी की पहली घटना को लेकर भी चर्चाए खूब है। बिजली विभाग की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर जाकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया और चोरी की घटना की छानबीन में जुट गई है। बिजली विभाग के जेई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि किसी अज्ञात लोगों द्वारा बिजली की तार काटकर ले जाई गई है। जिसकी सूचना ग्रामीणों से मिलने के बाद स्थलीय जाँच की गई तो पता चला की करीब 10–12 पोल का 11 हजार का तार काट कर ले गए है। तार काटे जाने की सूचना कोतवाली पुलिस सहित विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि बिजली विभाग की ओर से तार काटकर ले जाने के संबंध में तहरीर दी गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# कनहर नदी से अवैध बालू खनन धड़ल्ले से जिम्मेदार मौन



दुद्धी,सोनभद्र(एजेंसी)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के खोखा बालू साइड पर लीज के आड़ में जहाँ मनको को ताख पर रखकर खनन जारी है तो वहीं करहिया बोधाडीह स्थित कनहर नदी में बालू का अवैध खनन बेखौफ जारी है। जिस पर ना खनन विभाग की नजर पड़ रही है ना ही वन विभाग की। मानक विहीन खनन एवं अवैध खनन से एक तरफ जहाँ राजस्व की क्षति हो रही है तो वहीं नदियों का स्वरूप भी बिगड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिदिन भोर में 3–4 बजे से सुबह 8– 9 बजे तक इन दिनों आधा दर्जन ट्रैक्टर से बालू की ढुलाई कर एक जगह डंप किया जाता है इसके बाद टीपर पर बालू लोड कर क्षेत्रों तक बालू पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग वन विभाग एवं खनन विभाग को बताते है तो विभागों के जिम्मेदार सीधे अवैध खनन से जुड़े लोगों को फोन करके बताते है कि अमुक लोगों द्वारा तुम लोगो की शिकायत की जा रही है जिससे अवैध खनन से जुड़े लोग हम ग्रामीणों को हड़काते चमकाते रहते है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ सरकार तो अवैध खनन को लेकर सख्त कदम उठा रही है लेकिन यहां तो सरकार के जिम्मेदार ही अवैध खनन में भागीदार बनकर नदी के जलीय जीवो एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में अप्रत्यक्ष रूप से लगे हुए है। ग्रामीणों ने करहिया एवं बोधाडीह में हो रहें अवैध खनन की ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है ताकि अवैध खनन पर लगाम लग सके।

# श्री नीलकंठ महादेव मंदिर बैरियाखाड़ी में कलश यात्रा के साथ हुई प्राण प्रतिष्ठा

दुद्धी,सोनभद्र(एजेंसी)। विकास खण्ड अंतर्गत लौआ नदी के तट बैरियाखाड़ी ग्राम पंचायत मल्लदेवा पर नवनिर्मित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर से प्रथम दिवस काशी से पधारे आचार्यध्पुरोहित के सानिध्य में ग्राम पंचायत अंतर्गत मंदिर के संस्थापक डॉ0हर्षवर्धन प्रजापति व ग्राम प्रधान सीता जायसवाल के नेतृत्व में वैदिकमन्त्रों उच्चारण के बीच गाजे बाजे के साथ धूम धाम से मातृशक्तियों द्वारा आस्था पूर्वक अक्षत, धूप, दीप, नैवेद्य, पुष्प व आम का पलल्व के सानिध्य में कलश सिर पर धारण कर लौआ नदी से जल भरकर गांव भ्रमण उपरान्त भक्ति गीतों के साथ कलश सिर पर धारण कर हर हर महादेव के नारों के बीच पुनः श्री नीलकंठ महादेव मंदिर बैरियाखाड़ी पहुंचे। पावन पुनीत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर लवकुश प्रजापति संग तारा देवी, कार्यक्रम संयोजक प्रधान प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल, आलोक जायसवाल (विश्व हिंदू परिषद) हेमंत कुमार, अरुण कुमार,उमाशंकर प्रजापति, शिव शंकर प्रजापति जबकि जजमान स्वरुप ललिता देवी संग राजबली पटेल, परबचन पटेल संग पानमती देवी, रामबचन पटेल संग सोमारिया देवी, शिवबचन पटेल संग जसवंति देवी, नंदकिशोर कुशवाहा संग रीता देवी, बलराम कुशवाहा संग शीला देवी सहित धीरेंद्र प्रजापति, विसुनदेव मेहता, अवधनाथ प्रजापति सहित सैकड़ो लोग आस्था के साथ कलश यात्रा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में रहवासी

सोनभद्र(एजेंसी)। नगवां ब्लॉक ग्राम पंचायत गोटी बांध के (डुमरिया) आदिवासी (मुसहर) बस्ती में लगा दस केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले दो माह पूर्व जल गया जो अभी तक बदला नहीं गया जिससे आदिवासी बस्ती में निवास करनेवाले रहवासियों में विद्युत विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। आदिवासी छटंकी ने कहा कि हम लोगों के बस्ती में लगा दस केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले दो माह पूर्व जल गया कई बार इसकी सूचना स्थानीय विद्युत कर्मचारियों को दी गई पर बिजली विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की जिससे एक दर्जन से अधिक घरों में अंधेरा छा गया है। वही आदिवासी अतवारू ने कहा कि अगर यही ट्रांसफार्मर किसी नेता या जनप्रतिनिधि के बस्ती का जला होता तो अब तक बदल गया होता लेकिन हम सब मुसहर जाति के लोग है इस लिए अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे है। हम आदिवासी बस चुनाव के समय नेताओं को याद आते है खूब अपनेपन का दिखावा करते है नेता चुनाव बाद हम लोगों की कोई सुध लेने वाला नहीं है। आप को बता दें कि ये वही आदिवासी मुसहर है जिनको देश के प्रधानमंत्री ने गोद लिया है सरकारी योजनाओं में इनको वरीयता दी जाती है फिर भी बिजली विभाग की लापरवाही से बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से आदिवासियों को वंचित किया जा रहा है।



हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।